नई दिल्ली

शनिवार, 31 मई 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 46
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 43.0
न्यून. 32.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




07 सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन युगल खिताब से दो जीत दूर





Government of National Capital Territory of Delhi
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

# काम करने वाली सरकार

## 100 दिन सेवा के

- उपेक्षित हुई सालों-साल, **अब बदल रहा है यमुना का हाल**
- पहले था करप्शन भयंकर, आज सीधे **मोबाइल से ट्रैक** हो रहे हैं टैंकर
- दिल्ली सरकार का उपहार, **आयुष्मान से 10 लाख का मुफ्त उपचार**
- वय वंदना योजना लागू, **70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों** को मिला सम्मान
- **DEVI बस का उपहार**, लास्ट माइल कनेक्टिविटी का सपना साकार
- **1,63,000 बच्चों को फ्री ऑनलाइन** NEET, JEE, CUET की **कोचिंग** दी गई
- सालभर **1000 स्प्रिंकलर** और स्मॉग गन्स रहेंगी तैनात
- जनसंवाद में मुख्यमंत्री, सभी मंत्रीगण एवं जिला अधिकारी **हर शनिवार शिकायतों का सीधा समाधान** करते हैं
- पहली बार "**स्कूल फीस रेगुलेशन बिल**" लागू



DIP/Shabdarth/Display/017/25-26

## मृतक किशोरी आठवीं कक्षा में पढ़ती थी

# डाबड़ी थाने के नजदीक घर में घुसकर किशोरी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

द्वारका जिले के डाबड़ी थाना इलाके में एक 13 वर्षीय किशोरी की घर में घुसकर सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। वारदात गुरुवार दोपहर को तब सामने आई जब किशोरी की मां घर पहुंची। किशोरी के हाथ बंधे हुये थे और वह मृत थी। यह वारदात थाने के पीछे महज चंद कदमों की दूरी पर अंजाम दी गई। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार दोपहर 01:45 बजे थाना डाबड़ी में हत्या का मामला सामने आया। एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई जिसमें बताया गया कि 13 वर्षीय एक लड़की आरजेडी ए140, सीतापुरी में मृत पड़ी है।

पीसीआर कॉल प्राप्त होने पर स्थानीय पुलिस और सभी वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पाया गया कि 13 वर्षीय एक लड़की तीसरी मंजिल की छत पर स्थित कमरे में संदिग्ध हालत में मृत पड़ी थी। लड़की सरकारी स्कूल की आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। अपराध स्थल पर क्राइम टीम और एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। शुरुआती जांच में यौन उत्पीड़न के कोई साक्ष्य नहीं पाए गए। हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। मृतक लड़की की मां ने पुलिस को बताया कि दोपहर को जब वह काम के सिलसिले में बाहर से लौटकर घर आई थी तो दरवाजा सटाकर बंद था। किचन का दरवाजा खुला था।

कमरे का दरवाजा हल्का सा बंद था। जब वह बेटी को ढूंढती अंदर गई तो देखा कि उसकी बेटी के हाथ बंधे हुए थे। उसके गले में चुन्नी भी बंधी थी। उसके बाद मृतका की मां ने मामले की जानकारी मकान मालिक को दी। फिर पड़ोसियों को भी पता चला। इसके बाद पुलिस को बुलाया गया।

## सरोजिनी नगर मार्केट में महिलाओं की पिटाई का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली की फेमस सरोजिनी नगर मार्केट में कुछ महिलाओं की डंडे से पिटाई का वीडियो वायरल है। वीडियो के बारे में तहकीकात करने पर पता चला कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है और पुलिस जांच में जुटी है। बताया जाता है कि मार्केट में छोटे छोटे ठिया लगाकर सामान बेचने वाली महिलाओं पर हमला किया गया था। इस दौरान कई महिलाओं को चोट आई। जानकारी के मुताबिक यह घटना 27 मई की बताई गई है। जिसमें पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। हालांकि किसी की गिरफ्तारी हुई है या नहीं इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। जिन महिलाओं की पिटाई हुई है, वे सभी सरोजिनी नगर मार्केट में ही आर्टिफिशियल जूलरी, अंडरगार्मेंट्स इत्यादि घूम घूमकर या ठिया लगाकर काफी सालों से बेचती आ रही हैं। आधा दर्जन महिलाओं को ज्यादा चोट लगी है और कई के हाथ भी फ्रैक्चर हुए हैं। उनको प्लास्टर चढ़ाया गया है। जबकि काफी महिलाओं के शरीर पर डंडों के निशान भी हैं। घायल महिलाओं का आरोप है की 23 मई को मार्केट में दुकान लगाने को लेकर झगड़ा हुआ था। उसके बाद 27 मई को सुबह 11 काफी संख्या में लड़के आए और लाठी डंड़ो से उन पर हमला कर दिया।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनिया, पत्नी तिलक वर्मा, निवासी फ्लैट नं.45-बी, एफएफ, जीजी-1, विकास पुरी, नई दिल्ली-110018** ने **सीटी. केस नं.533/2023 धारा 135 इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, थाना विकास पुरी, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सोनिया** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सोनिया** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीटी. केस नं.533/2023 धारा 135 इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, थाना विकास पुरी, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीना
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दक्षिण पश्चिम),
विशेष कोर्ट (इलेक्ट्रिसिटी), कोर्ट नं.609,
द्वारका जिला कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/5957/WD/2025



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नाम: **मोंटी, पुत्र: तेज प्रकाश, निवासी: सी–544, तिगरी, नई दिल्ली और: कोठी तिकोना मंदिर, सूर्य विहार फेज–II, फरीदाबाद, हरियाणा** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.441/2018 U/S 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना नेब सराय, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **मोंटी** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **मोंटी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.441/2018 U/S 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना नेब सराय, दिल्ली** के अभियुक्त **मोंटी** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **04.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेश द्वारा सुश्री निधि सिंह
जेएमएफसी–03 (दक्षिण),
कमरा संख्या 212,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली।

DP/6796/SD/2025
(अदालती मामला)


# सात साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी जिले के नेहरू विहार इलाके में सात वर्षीय एक बच्ची का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में घर की रंगाई-पुताई करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का दावा है कि संदिग्ध आरोपी की पहचान के लिए 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इस संबंध में तीन अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई गई थी।

पुलिस के अनुसार शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एक अज्ञात व्यक्ति लड़की को नेहरू



विहार इलाके की गली नंबर 11 में एक घर में बहला-फुसलाकर ले गया और उसे गलत तरीके से छुआ। इसके बाद वह किसी के कदमों की आवाज सुनकर मौके से भाग गया था। दयालपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने एक टीम बनाई और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। आरोपी के बारे में स्थानीय खुफिया जानकारी भी जुटाई गई। संदिग्ध की तस्वीर हासिल करने के बाद उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की गई। आरोपी की पहचान 35 वर्षीय दानिश के रूप में हुई। वह न्यू कर्दमपुरी का रहने वाला था और घरों में रंगाई-पुताई का काम करता था। पूछताछ के दौरान उसने शुरू में पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। आरोपी के खिलाफ जाफराबाद थाने में पहले भी इसी तरह का मामला दर्ज हैं।

## गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस मनाया

**नई दिल्ली।** सिखों के धर्मगुरु पांचवें पातशाह गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा मुख्य कार्यक्रम गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर स्थित भाई लखी शाह वंजारा हॉल में आयोजित किया। कार्यक्रम में रागी सिंहों के जत्थों ने गुरु की इलाही बाणी का रसपूर्ण कीर्तन कर संगतों को निहाल किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि गुरु अर्जन देव महाराज ने सिख धर्म में शहादतों की शुरुआत की। उनके बाद गुरु तेग बहादुर साहिब ने शहादत दी। फिर दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों और सिख धर्म के अनेक सूरमाओं ने शहादत दी। उन्होंने कहा कि यह सिख धर्म का सौभाग्य है कि गुरु अर्जन देव ने भक्तों और भट्टों की बाणियों को इकट्ठा कर सबसे पहले आदि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की रचना की, और बाद में गुरु गोबिंद सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब को पूर्ण रूप देकर समस्त सिखों को आदेश दिया कि गुरु मानियो ग्रंथ, और गुरु की परंपरा को ग्रंथ के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज गुरु ग्रंथ साहिब की परंपरा में बंधी सिख कौम दुनियाभर में यश कमा रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम गुरु तेग बहादुर का 350वाँ शहीदी दिवस मना रहे हैं, और इसी अवसर पर सहज पाठ की एक श्रृंखला चल रही है। जिन घरों में गुरु साहिब का स्वरूप पहले से मौजूद है, वहाँ तो यह हो ही रहा है, साथ ही जिन घरों में स्वरूप नहीं है, वहाँ कमेटी द्वारा स्वरूप और पोथियाँ भी दी जा रही हैं।

## युवा कांग्रेस का भाजपा नेताओं के बयानों के खिलाफ प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने उधमपुर से भाजपा विधायक आरएस पठानिया और भाजपा नेताओं द्वारा लगातार भारतीय सेना पर की गई टिप्पणियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब व दिल्ली अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष लाकड़ा ने कहा कि सेना पर अपशब्द बोलना और बयान बाजी करना है भाजपा नेताओं और उनके विधायकों का नया फैशन बन गया है। भाजपा के विधायक और उनके नेता लगातार सेना और सेना के वीर अफसरों व जवानों का अपमान कर रहे है, पहले विजय शाह, फिर जगदीश देवड़ा और अब पठानिया, ऐसे बयान देश के जांबाज सैनिकों का सीधा अपमान है।


### एसबीईसी शुगर लिमिटेड

रजि. कार्यालय: ग्राम लोयन मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिला: बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
सीआईएन: L15421UP1991PLC019160
दूरभाष: 01234–259206 फैक्स:91–1234–259200
ई–मेल: investors@sbecsugar.com, वेबसाइट: www.sbecsugar.com

31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सारांश

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त |
| | | 31.03.2025 लेखापरीक्षित | 31.03.2024 लेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित | 31.03.2024 लेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
| 1 | कुल आय | 20383.83 | 23,447.32 | 62157.73 | 20946.01 | 23998.88 | 63100.79 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदें) | 4547.65 | 3389.76 | (1178.61) | 4724.94 | 3603.93 | (1770.95) |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (असाधारण और/या असाधारण मदों और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद) | 4547.65 | 3389.76 | (1178.61) | 4724.94 | 3603.93 | (1770.95) |
| 4 | शुद्ध लाभ/(हानि) कर के बाद की अवधि के लिए (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 4547.65 | 3389.76 | (1178.61) | 4635.12 | 3237.74 | (1860.77) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) शामिल है (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 4518.63 | 3373.71 | (1213.74) | 4606.78 | 3222.39 | (1895.47) |
| 6 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 |
| 7 | पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | | | (10872.40) | | | (10444.67) |
| 8 | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (निरंतर और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | |
| | ए. मूल | 9.54 | 7.11 | (2.47) | 9.73 | 6.79 | (3.90) |
| | बी. तनुकृत | 9.54 | 7.11 | (2.47) | 9.73 | 6.79 | (3.90) |

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और वर्ष समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई है और लेखापरीक्षा समिति द्वारा संस्तुति की गई है तथा निदेशक मंडल द्वारा 29 मई, 2025 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (रांशोधित) के साथ पढ़ा गया है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 30.05.2025

बोर्ड के आदेश द्वारा
हस्मा/–
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं सभापति
डीआईएन: 00002757


## एलजी सक्सेना ने गवर्नर गोल्फ टूर्नामेंट कप के विजेताओं को बांटे पुरस्कार



**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना शुक्रवार को 25वें गवर्नर गोल्फ टूर्नामेंट कप के विजेताओं को पुरस्कार बांटे। कुतुब गोल्फ कोर्स में आयोजित सादे समारोह में एलजी सक्सेना अपनी पत्नी संगीता सक्सेना के साथ पहुंचे थे। इस अवसर पर सर्व प्रथम संगीता सक्सेना ने टूर्नामेंट कप के विजेताओं को पुरस्कार बांटे। जबकि बाद में एलजी सक्सेना ने अपने हाथों से विजेताओं को पुरस्कार दिए। विजेताओं को ट्रॉफी, मोमेंट, गोल्फ स्टिक, बैग इत्यादि प्रदान किए गए। इस मौके पर एलजी सक्सेना, संगीता सक्सेना के अलावा दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) गोल्फ कोर्स के पदाधिकारी व खिलाड़ी आदि मौजूद थे।

## ब्लैकमेलिंग, वसूली और यौन उत्पीड़न करने वाला गिरफ्तार


■ आरोपी शिकायतकर्ता का पूर्व ब्वॉयफ्रेंड निकला

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की साइबर टीम ने ब्लैकमेलिंग, जबरन वसूली और यौन उत्पीड़न करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी शिकायतकर्ता लड़की को ब्लैकमेल करने और धमकाने के लिए कई फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट और ईमेल का इस्तेमाल कर रहा था। पीड़िता को लंबे समय तक यौन शोषण और जबरन वसूली का शिकार होना पड़ा। आरोपी हिमांशु अरोड़ा पीड़िता का पूर्व बॉयफ्रेंड है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया कि 2021 में उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिए एक लड़के से हुई और वे दोस्त बन गए। समय के साथ, हेरफेर और भावनात्मक दबाव के तहत उसे उसके साथ निजी तस्वीरें और वीडियो साझा करने के लिए मजबूर किया गया। बाद में उसे कई फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट और ईमेल आईडी का उपयोग करके अज्ञात व्यक्तियों से धमकी भरे संदेश, जबरन वसूली के प्रयास और यौन उत्पीड़न वाली चैट मिलने लगीं। घबराकर उसने अपने दोस्त से बात की, जिसने उसे बताया कि उसका लैपटॉप क्षतिग्रस्त हो गया था और उसे ठीक करने वाले एक दुकानदार (तकनीशियन) ने डाटा चुरा लिया होगा। इसके बाद उसे लगातार उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। आरोपियों ने लड़की की निजी तस्वीरों का इस्तेमाल करके फर्जी प्रोफाइल बनाई, इंस्टाग्राम और गूगल मीट वीडियो कॉल पर अनुचित कार्य करने के लिए मजबूर किया। इसके साथ ही एक लाख रुपये जबरन वसूली की मांग, अपहरण, एसिड अटैक, उसके परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी और फर्जी कानूनी धमकियां दी गई। दुर्व्यवहार और ब्लैकमेल का यह चक्र तीन साल से अधिक समय तक चला, जिससे लड़की अत्यधिक मानसिक और भावनात्मक परेशान हुई। पुलिस ने केस की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर शिव प्रकाश के नेतृत्व में एक समर्पित टीम का गठन किया गया। शिकायतकर्ता ने उत्पीड़न से जुड़े कुल नौ फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट और एक जीमेल आईडी की सूचना दी। जांच, डिजिटल साक्ष्य विश्लेषण और मेटा और गूगल से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के बाद इस्तेमाल मोबाइल नंबर का पता चला। उस मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कथित इंस्टाग्राम आईडी बनाने के लिए किया गया था। यह मोबाइल नंबर आरोपी की मां के नाम पर रजिस्टर था, लेकिन इसका इस्तेमाल आरोपी खुद ही कर रहा था। इसके बाद पीड़िता का पूर्व ब्वॉयफ्रेंड को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने पीड़िता के यौन शोषण में अपनी संलिप्तता कबूल की। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। 37 वर्षीय आरोपी दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक है।

# बाहरी जिले में 43 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें डिपोर्ट करने की कार्रवाई जारी है। इसी के तहत बाहरी जिला पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। गुरुवार को पुलिस ने अलग-अलग जगह से 43 बांग्लादेशियों की पहचान करके उन्हें पकड़ा। सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर वापस बांग्लादेश डिपोर्ट करने के लिए एफआरआरओ में भेजने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि यह एक्शन बाहरी जिला के फॉरनर सेल की टीम के द्वारा की गई। इंस्पेक्टर सुरेंद्र की



टीम ने कड़ी मेहनत के बाद इन सबकी पहचान करने में सफलता पाई है। पकड़े गए 43 बांग्लादेशी में से 13 महिला, 13 पुरुष और 17 बच्चे और बच्चियां शामिल हैं। इन सबके डॉक्यूमेंट का भी वेरिफिकेशन किया गया है। इसके बाद इन्हें एफआरआरओ में भेजा जाएगा। बाहरी जिला पुलिस के अनुसार पिछले 30 दिनों के अंदर 150 से ज्यादा बांग्लादेशी जिले में पकड़े जा चुके हैं। साथ ही अलग-अलग मामलों में 50 से ज्यादा अफ्रीकन मूल के नागरिकों को भी पकड़ा गया है। इनमें से कुछ के पास से प्रतिबंधित ड्रग्स भी बरामद किए गए हैं। इनके खिलाफ अलग-अलग धाराओं में कार्रवाई भी की गई है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है कि यह कब-कब बांग्लादेश से और किस तरीके से बॉर्डर क्रॉस करके भारत में आए थे। इन्होंने रहने के लिए दिल्ली तक कैसे पहुंचे, यहां क्या काम कर रहे थे। किसके पास रह रहे थे और इन्होंने यहां रहने के लिए जो भी डॉक्यूमेंट बनाए उसे बनाने में किन-किन की सहायता ली।


### हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अंबाला | अंबाला जिले में अंबाला शहर में कल्पना चावला हॉस्टल की मरम्मत और पुनरोद्धार। | 27.05.2025 02.06.2025 | 43.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में सादलपुर से चिब्बरवाला रोड आरडी 0.000 से 5.650 तक रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 4810) (एससीएसपी के तहत)। | बंद होने की तिथि 05.06.2025 | 308.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प पानीपत | फील्ड हॉस्टल नं. 1, कैनाल कॉलोनी, बिंझोल, पानीपत में मरम्मत और रखरखाव + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 4.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.com |
| 4 | लोनिवि भ व प जींद | जींद जिले में गांव गडवाली में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का पुनर्निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 103.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प जींद | जींद जिले में गांव सुंदरपुर में राजकीय पशु चिकित्सालय की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 17.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम में बाल कल्याण बाल उद्यान, सिविल लाइंस का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 04.06.2025 | 8.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम में राजकीय आईटीआई में एफ–1 क्वार्टरों का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 04.06.2025 | 1.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम में लघु सचिवालय में एनआईसी ऑफिस की मरम्मत/पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 04.06.2025 | 1.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज, हिसार | रावतखेड़ा, हिसार, साथरी (बिश्नोई) धर्मशाला में हॉल कमरे का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 3 कार्य। | 23.05.2025 05.06.2025 | 34.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज, रेवाड़ी | भाकली–गांव भाकली, खंड नाहड़, रेवाड़ी में सामुदायिक केंद्र को पूरा करना (एसएमपीआरएम) + 1 कार्य। | 28.05.2025 05.06.2025 | 77.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज, खरखौदा | गांव गढ़ी सिसाना खंड खरखौदा में दादा जोहडवाला धाम सेवा समिति में शेड का निर्माण (एमपीएलएडीएस)। | 28.05.2025 06.06.2025 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467668228 amitsihmar12994@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज, भिवानी | गांव बडेसरा में रावली माता तालाब (01HRBHWBHW0053BADE106) का सौंदर्यीकरण। | 28.05.2025 02.06.2025 | 29.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज, खंड बाहड़ा | गांव आर्य नगर में शमशान घाट की चारदीवारी का निर्माण कार्य (डी–प्लान)+ 1 कार्य। | 28.05.2025 05.06.2025 | 13.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 14 | जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, फतेहाबाद | फतेहाबाद टाउन : एमसी फतेहाबाद टाउन में नए अनुमोदित क्षेत्र में मौजूदा सीवेज स्कीम का मजबूतीकरण और सीवर लाइन बिछाना। फतेहाबाद टाउन में जवाहर से पुराना डिस्पोजल तक मौजूदा 900x600 मिमी. ब्रिक सीवर का Å□OECIPP और उससे संबद्ध अन्य सभी कार्य। Å□o | 22.05.2025 12.06.2025 | 1488.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466645029 eepfatehabad@gmail.com |
| 15 | जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, फतेहाबाद | फतेहाबाद टाउन : एमसी फतेहाबाद टाउन में नए अनुमोदित क्षेत्र में मौजूदा सीवेज स्कीम का मजबूतीकरण और सीवर लाइन बिछाना। संग्रहण टैंक निहित 4 आईपीएस, पंप चेंबर, चारदीवारी, स्टाफ क्वार्टर्स, राइजिंग मेन लाइंस, डी.जी. सेट, इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मर्स, पंपिंग मशीनरी और टॉयलेट ब्लॉक्स का निर्माण। सीवर लाइंस बिछाना और मैनहॉल्स इत्यादि का निर्माण और उससे संबद्ध अन्य सभी कार्य। | 22.05.2025 12.06.2025 | 2867.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466645029 eepfatehabad@gmail.com |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, सोनीपत | मॉनसून 2025 से पूर्व शैखपुरा ड्रेन आरडी 0 से 43250, पांची जाटान लिंक ड्रेन आरडी 0 से 6750 और पुरखास ड्रेन आरडी 0 से 11689 की गाद और जंगल की सफाई + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 37.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920236776 xenrws@rediffmail.com |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, रोहतक | लोअरिंग एसएसडब्ल्यूएल हेतु गोरिया गांव में स्थापित 16 अदद छिछले नलकूप की चेन लिंक फेंसिंग का प्रावधान। | 28.05.2025 04.06.2025 | 20.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 18 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में हॉस्पिटल इनडोर मरीजों के लिए किचन और डायटरी सेवाओं के प्रावधान हेतु ई–निविदा के संबंध में। | 04.06.2025 19.06.2025 | ईएमडी 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: **www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच–11/2026/360/35239/I/88/7 दि. 30.05.25

नई दिल्ली
शनिवार, 31 मई 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 46
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 43.0
न्यून. 32.0
haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



07 फ्रेंच ओपन : जोकोविच ने रिकॉर्ड 20वीं बार तीसरे दौर में बनाई जगह





## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर
के 300वें जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर
## महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन
एवं
'राष्ट्रीय देवी अहिल्या सम्मान' अलंकरण



लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को समर्पित डाक टिकट और सिक्का जारी

दतिया एवं सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण एवं
इंदौर मेट्रो का शुभारंभ
(गांधीनगर मेट्रो स्टेशन से सुपर कॉरिडोर 03 तक)

₹483 करोड़ लागत के 1271 नये अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की प्रथम किस्त का अंतरण



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

— प्रधानमंत्री —
## नरेन्द्र मोदी
के कर-कमलों द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

— गरिमामयी उपस्थिति —

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

31 मई, 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | जम्बूरी मैदान, भोपाल

D-11032/25

### नारी सशक्तिकरण में अग्रणी मध्यप्रदेश
- सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारंभ
- शासकीय सेवा में महिलाओं के लिए आरक्षण को बढ़ाकर 35% तक किया
- 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 62 लाख ग्रामीण बहनें हुई आत्मनिर्भर
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 89 लाख बहनों को मिली धुएं से मुक्ति

### बेहतर होतीं वायु सेवाएं
- ₹ 60 करोड़ की लागत से 124 एकड़ में दतिया एयरपोर्ट एवं ₹ 37 करोड़ की लागत से सतना एयरपोर्ट का निर्माण संपन्न
- हवाई सुविधा से धार्मिक पर्यटन के साथ औद्योगिक विस्तार को मिलेगा बढ़ावा
- यात्रियों को मां पीतांबरा पीठ, मां शारदा और चित्रकूट धाम तक की हवाई सुविधा होगी उपलब्ध
- प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के गंतव्यों तक कनेक्टिविटी होगी बेहतर

### इंदौर को मेट्रो रेल की सौगात
- ₹ 1520 करोड़ लागत की यलो लाइन मेट्रो 6 कि.मी. लंबे रूट पर चलेगी
- आधुनिक, सुगम और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा मिलेगी
- प्रति ट्रेन 900 से अधिक यात्री क्षमता के साथ लिफ्ट, एस्केलेटर, AI आधारित ट्रैकिंग एवं QR आधारित टिकटिंग प्रणाली से स्मार्ट होगा सफर

### पंचायतों को स्थायी भवन
- प्रदेश भर में 1271 नये अटल ग्राम सेवा सदनों के निर्माण से ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा के साथ प्रशासनिक कार्य करने, बैठकें आयोजित करने एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी

सीधा प्रसारण DD News Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP #AhilyaBaiHolkarAt300

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

**खबर संक्षेप**

### छबील लगाकर लोगों को मीठा जल वितरण किया



**फरीदाबाद।** सिखों के पांचवें गुरू अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर एनएच एक स्थित जे ब्लॉक के निवासियों ने छबील लगाकर मीठा जल वितरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से थाना कोतवाली के प्रभारी मनजीत सिंह, विनीत कुमार, नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल, एडवोकेट विजय यादव, जल सेवा में जय हिन्द सेवा दल से राजू बजाज, लक्ष्मण खन्ना आदि।

### इंनवेस्टमेंट कराकर युवती से 15.5 लाख ठगे



**गुरुग्राम।** साइबर थाना वेस्ट एरिया में जालसाजों द्वारा इंवेस्टमेंट कराकर युवती से 15.5 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। भीमगढ़ खेड़ी की रहने वाली श्रुति गुप्ता ने बताया कि वह नौकरी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान उनकी व्हाट्सएप के जरिए अरिया महेश्वरी नामक युवती से बात हुई।

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर पौने छह लाख ठगे



**गुरुग्राम।** साइबर थाना वेस्ट एरिया में पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवक पौने छह लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। दी शिकायत में फिरोजगांधी कॉलोनी के रहने वाले नीरज खंडेलवाल ने बताया कि उन्हें व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से पार्ट टाइम जॉब के लिए ऑफर आया था। प्रोडक्ट की ऑनलाइन रेटिंग किए जाने का कार्य दिया गया।

# लाखों रुपए के नशीले पदार्थ किए गए नष्ट, ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी ने किया आग के हवाले 88.583 किलोग्राम गांजा

23.984 किलोग्राम पप्पी हस्क, 1.115 किलोग्राम हेरोइन व 23 इंजेक्शन को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर प्रहार करके मादक पदार्थों को जब्त किया जा रहा है और समय-समय पर इन मादक पदार्थों को नष्ट भी किया जाता है। इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में बरामद किए गए मादक पदार्थों को पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्त की देखरेख में आग के हवाले कर नष्ट किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि 30 मई को जिला फरीदाबाद की ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने फरीदाबाद पुलिस के विभिन्न थानों के 80 मामला व जीआरपी थाना के 2 अभियोग में कुल बरामद 88.583 किलोग्राम गांजा, 23984 किलोग्राम पप्पी हस्क, 1.115 किलोग्राम हेरोइन व 23 इंजेक्शन मादक पदार्थों को गोल्डन ईगल वैस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना में नष्ट किया गया।



वर्ष 2025 में अब तक 136 मामले पंजीकृत हुए

## नशा तस्करों पर लगातार प्रहार जारी

जिला फरीदाबाद की ड्रग डिस्पोजल कमेटी में पुलिस आयुक्त फरीदाबाद (चेयरमैन) पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सदस्य व सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय सदस्य है। कार्यवाही के दौरान बरामद किए गए नशीले पदार्थ को पुलिस आयुक्त सतेन्द्र गुप्ता ने अपनी देखरेख में फोटोग्राफी करवाकर सुरक्षित तरीके से कानूनी प्रक्रिया के तहत नष्ट करते हुए आग के हवाले करवाया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों के मामले वर्ष 2022, 2023 व 2024 से संबंधित है। सतेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि नशा, मनुष्य को अपराध की दुनिया में ले जाता है। मादक पदार्थ आर्थिक स्थिति के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक रूप से भी मनुष्य को कमजोर करता है। नशे का आदी होने उपरांत उसको छोड़ पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। इसलिए नशे से दूर रहकर समाज कल्याण में अपना योगदान दे। फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशे के आदी लोगों की सहायता के लिए अभियान चलाए हुए हैं, जिनमें उनकी काउंसलिंग कराई जाती है तथा चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती हैं। नशे का आदी व्यक्ति अपने नजदीकी थाना-चौकी में संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है।

## 184 नशा तस्करों को काबू किया

उन्होंने आगे कहा कि फरीदाबाद पुलिस का नशा तस्करों पर लगातार प्रहार जारी है नशा तस्करों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार प्रहार किया जा रहा है, वर्ष 2025 में अब तक 136 मामले पंजीकृत करते हुए 184 नशा तस्करों को काबू किया है। इस दौरान कमेटी के गवाह के तौर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों गांव जसाना से विनोद व महावीर गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना फरीदाबाद में मौजूद रहे।

# फरीदाबाद में ऑपरेशन शील्ड के अंतर्गत आज चिन्हित सैन्य क्षेत्र में आयोजित की जाएगी मॉक ड्रिल

जिलावासी आज रात 7.55 बजे से 8.15 बजे तक ब्लैकआउट को सफल बनाने में दें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 31 मई शनिवार को आपदा प्रबंधन और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज फरीदाबाद जिले में ऑपरेशन शील्ड के अंतर्गत एक चिन्हित सैन्य क्षेत्र में व्यापक सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में सैन्य ठिकानों तक राहत एवं बचाव दलों की शीघ्र और सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करना है। इस संबंध में सभी संबंधित विभागों को पूर्व निर्देश जारी किए गए हैं। 31 मई को शाम 5 बजे एक चिन्हित सैन्य क्षेत्र में एयर रेड की सूचना के साथ पूरे जिले में सायरन बजाया जाएगा। चिन्हित स्थान पर एयर रेड की सूचना के साथ मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में राहत दलों की तैनाती, नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्यवाही का अभ्यास किया जाएगा।

## पूर्ण ब्लैकआउट के दौरान बंद रखें लाइटें

डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी दी कि एक्सरसाइज के हिस्से के रूप में आज रात्रि 7.55 बजे से 8.15 बजे तक पूरे जिले में ब्लैकआउट (पूर्ण प्रकाश बंद) रखा गया है। इसका उद्देश्य नागरिकों को युद्धकालीन जैसी आपात स्थिति के प्रति सजग करना है। डीसी ने नागरिकों से अपील की है कि यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए किया जा रहा है। कृपया रात्रि7.55 बजे से 8.15 बजे तक अपने स्तर पर स्वयं ही सभी बाहरी और आंतरिक लाइटें बंद रखें, मोबाइल फ्लैशलाइट या किसी अन्य प्रकार के प्रकाश का उपयोग न करें और पूरी तरह से सतर्क रहते हुए प्रशासन का सहयोग करें। गत माह में जिला प्रशासन द्वारा जिला के सभी पार्षदों, सरपंचों एवं सभी मुख्य हितधारकों को सिविल डिफेन्स के बारे में ग्रामीण स्तर तक प्रशिक्षित किया है।

# सरकारी संस्थानों, पेट्रोल पंप, शराब के ठेके सहित हॉस्पिटल ने जमा कराया प्रॉपर्टी टैक्स

निगम की सीलिंग कार्रवाई के चलते दो दिन में लगभग 1 करोड़ की रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम के सभी जॉन में कई संपत्तियों को सील किया गया है तो वही दस पेट्रोल पंप के साथ-साथ एक निजी अस्पताल और शराब के ठेके एवं सरकारी संस्थाओं ने दो दिन में सीलिंग की कार्रवाई के भय से अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया है।

बता दें कि इसमें एक निजी अस्पताल ने लगभग 17 लाख 26 हजार से ज्यादा का टैक्स निगम में जमा कराया है, एक सरकारी संस्थान ने भी 26 लाख 16 हजार से ज्यादा का प्रॉपर्टी टैक्स निगम खाते में जमा कराया, वहीं एक निजी बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने भी लगभग 13 लाख रुपए का टैक्स निगम के खाते में जमा कराया है। इसके साथ-साथ सेक्टर 12 स्थित एक माल ने भी लगभग 19 लाख से ज्यादा का टैक्स निगम के खाते में जमा कराया है इन सबके अलावा एनआईटी क्षेत्र में सीलिंग कार्यवाही के दौरान एनआईटी में शराब के 2 ठेकों ने भी अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया है। नगर निगम द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मालिकों पर कार्यवाही लगातार जारी है। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि नगर निगम को प्राप्त होने वाला टैक्स शहर के विकास में लगाया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी अपना टैक्स समय पर नगर निगम में जमा कराए ओर शहर के विकास में भागीदार

# वर्ष 2020 के एक मामले मे आरोपी को 15 साल का कारावास व 1 लाख रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नशा तस्करी के मामले मे आरोपी नीरज निवासी तिरखा कॉलोनी फरीदाबाद को 15 साल की कैद की सजा व 1 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 सितंबर 2020 को पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने गस्त के दैरान नीरज को प्रतिबंधित 23 इंजेक्शन सहित गिरफ्तार किया गया था। जिस संबंध मे थाना शहर बल्लभगढ़ में नशा तस्करी से संबंधित धाराओं मे मामला दर्ज कर किया गया व पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित कर 12 जनवरी 2021 को चालान माननीय अदालत में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि मामले की सुनवाई के दौरान 10 गवाहों की गवाही हुई। यह मामला चिन्हित अपराध की श्रेणी में था और चिन्हित अपराधों की विशेष टीम द्वारा मामले में प्रभावी पैरवी की गई, जिस पर माननीय अदालत राजेश कुमार यादव अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फरीदाबाद की अदालत से आरोपी नीरज को 15 साल की कैद व 1 लाख रुपये जुर्माना की सजा हुई है।

### होटल कर्मी से मारपीट व फिरौती मांगने के मामले में सात गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-17/18 थाना एरिया में होटल कर्मी से मारपीट कर किडनेप करने व फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने होटल कर्मी को सकुशल छुड़ा लिया और सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी युवक अपनी महिला मित्र के साथ होटल में ठहरा हुआ था। महिला मित्र से झगड़ा होने पर होटल प्रबंधन ने उन्हें बाहर निकाल दिया। जिसकी रंजिश के चलते युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों द्वारा वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई एक मारुति ईरटीगा कार भी बरामद की है। दरअसल, सेक्टर-17/18 थाना पुलिस को शिकायत मिली कि सुखराली एनक्लेव स्थित वेलकम होटल में काम करने वाले एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर किडनेप हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो होटल का संचालक मिला। जिसने पुलिस को बताया कि वह पिछले करीब डेढ़ साल से वेलकम होटल में रिशेप्सन मैनेजर/संचालक का काम कर कर रहा है। बीती 20 मई की रात को करीब 11.30 बजे नरेंद्र कुमार नामक एक युवक अपनी महिला मित्र के साथ होटल में रुकने के लिए आया। दोनों की आवागमन रजिस्टर में एंट्री करने के बाद उन्हें कमरा दे दिया।


**F MEC INTERNATIONAL FINANCIAL SERVICES LIMITED**
CIN-L65100DL1993PLC053936
Registered Office: 908, 9th Floor, Mercantile House, 15, K.G. Marg, New Delhi, Delhi-110001, India
Website: www.fmecinternational.com Email:fmecinternational@gmail.com Contact: 011-49954225
Extract of unaudited/audited financial results for the Quarter and Financial year ended 31 March 2025 (Rs. in Lacs)

| PARTICULARS | Quarter ended 31.03.2025 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2024 (Unaudited) | Year ended 31.03.2025 (Audited) | Year ended 31.03.2024 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| Revenue from operations | 173.91 | 207.19 | 663.58 | 373.39 |
| Profit before tax | 37.97 | 17.82 | 216.72 | 103.77 |
| Profit after tax | 28.33 | 13.27 | 161.85 | 77.60 |
| Total Comprehensive Income (Comprising profit for the period and other comprehensive income after tax) | 28.33 | 13.27 | 161.85 | 77.60 |
| Paid-up equity share capital | 28.33 | 13.27 | 161.85 | 77.60 |
| Other equity as shown in the balance sheet of the previous year | - | - | 889.18 | 889.18 |
| Earnings Per Share (Not annualised) (Face value of Rs. 10 each) | | | | |
| Basic (Rs.) | 0.3186 | 0.1492 | 1.8203 | 1.1301 |
| Diluted (Rs.) | 0.3186 | 0.1492 | 1.8203 | 1.1301 |

Notes : 1. The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meetings held on 29 May 2025. The financial results for year ended 31 March 2025 have been subjected to audit by statutory auditor, pursuant to regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended.

By order of the Board F MEC INTERNATIONAL FINANCIAL SERVICES LIMITED
Sd/-
Apoorve Bansal
(Managing Director)
R/o: A-708, Unesco Apartment 55, I.P. Extension, Patparganj, East Delhi- 110092
Place: New Delhi
Date: 29/05/2025



**डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L74140DL1994PLC304981,
पंजीकृत कार्यालय : 1403, विक्रम टावर 16, राजेन्द्रा पैलेस, नई दिल्ली–110008
Website: http://dynamicwealthservices.co.in / Phone: 8017255300, Email: dpms.kolkata@gmail.com

**31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

| क्र. सं. | विवरण | 31.03.2025 के अनुसार समाप्त तिमाही हेतु अंकेक्षित | 31.03.2024 के अनुसार पूर्ववर्ती वर्ष में समाप्त अनुकूल 3 माह अंकेक्षित | 31.12.2024 को समाप्त तिमाही पूर्ववर्ती 3 माह अअंकेक्षित | 31.03.2025 के अनुसार वर्ष से तिथि आंकड़े अंकेक्षित | 31.03.2024 को समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 22.66 | 7.93 | 37.23 | 78.30 | 106.18 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से पूर्व) | 5.71 | (38.03) | 21.42 | 16.76 | 1.45 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 5.21 | (38.03) | 21.42 | 16.16 | 1.45 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 0.77 | (38.03) | 21.42 | 12.38 | 1.06 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 0.77 | (38.03) | 21.42 | 12.33 | 1.06 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल @ रु. 10/- प्रत्येक | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 |
| 7 | रिजर्व (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | 34.36 | 22.00 | 33.60 | 34.36 | 22.00 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) | | | | | |
| | बेसिक : | 0.01 | (0.33) | 0.18 | 0.11 | 0.01 |
| | डायल्युटेड : | 0.01 | (0.33) | 0.18 | 0.11 | 0.01 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त तैमाहिक परिणामों को ऑडिट कमेटी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और 29 मई 2025 को आयोजित इसकी बोर्ड बैठक में निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत ये स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये हैं।
2. तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.dynamicwealthservices.co.in पर उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2016 द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों ('IND AS') के अनुसार तैयार किये गये है और तदनुसार, ये वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 ("दि एक्ट") की धारा 133 के तहत निर्धारित "अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग" ("IND AS 34") में निर्धारित भारतीय लेखा मानक 34 में दिये गये मान्यता और उपाय सिद्धांतों और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015, संशोधित अनुसार (दि "लिस्टिंग रेगुलेशंस") के नियमन 33 के अनुपालन में तैयार किये गये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी कोई आवेदन मार्गदर्शन / स्पष्टीकरण / निर्देश अथवा अन्य नियामक जब वे जारी / लागू योग्य होते हैं, के अनुसार क्रियान्वित किये जाते हैं।
4. भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के अनुपालन में 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों की एक सीमित समीक्षा वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
5. कम्पनी एनबीएफसी के व्यवसाय में है और अतः भारतीय लेखा मानक "ऑपरेटिंग सेगमेंट्स" (IND AS 108) के अनुसार कोई अलग रिपोर्टेबल सेगमेंट नहीं है और इसलिये, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू नहीं है। अतः प्राथमिक सेगमेंट से सम्बन्धित जानकारी (सेगमेंट राजस्व, सेगमेंट परिणाम, सेगमेंट परिसम्पत्तियां और सेगमेंट देनदारियां सहित) की घोषणा करने की अपेक्षा नहीं है।
6. पूर्ववर्ती अवधि / वर्ष के आंकड़े जहां आवश्यक पाया गया वर्तमान अवधि / वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि के लिये रिग्रुप्ड / रिक्लासीफाइड कर लिये गये हैं।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
राजेश गुप्ता
निदेशक
डीआईएन : 00025324
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.05.2025



**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली – 110002
सीआईएनः L31300DL1964PLC004255, वेबसाइटः www.deltoncables.com,
ई–मेलः dcl@deltoncables.com फोनः 0129–4523000

**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

कंपनी के निदेशक मंडल ने शुक्रवार, 30 मई, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसार 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की स्वीकृति दे दी है। सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 47 के अनुपालन में और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (समय–समय पर संशोधित) के अनुसार, उपरोक्त परिणाम अब क्विक रिस्पॉन्स कोड ("क्यूआर कोड") के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

ये परिणाम और उन पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट https://www.deltoncables.com/quarterly-financial-results/ और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट https://www.bseindia.com/ पर उपलब्ध हैं। परिणाम क्यूआर कोड को स्कैन करके भी देखे जा सकते हैं।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
और उसकी ओर से
हस्ता/–
विवेक गुप्ता
प्रबंध निदेशक और सीईओ
डीआईएनः 00035916
स्थानः फरीदाबाद
दिनांकः 30 मई, 2025



**SURYA INDIA LIMITED**
Regd. Office: B-1/F-12, Mohan Co-operative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi- 110044
CIN: L74899DL1985PLC019991; Tel.: +91 11 45204115; Fax: +91 11 28898016
Email: cs@haldiram.com; website: www.suryaindialtd.com
Extracts of the Financial Results for the Quarter and Financial Year ended 31st March, 2025
(Rs. In Lakhs) except EPS

| S. No. | Particulars | Quarter ended 31.03.2025 Un-audited | Quarter ended 31.03.2024 Un-audited | Year ended 31.03.2025 Audited | Year ended 31.03.2024 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations (net) | 125.59 | 107.11 | 546.93 | 454.1 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items | 1401.83 | 1059.61 | 1,540.61 | 1,151.59 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax after exceptional and/or extraordinary items | 1401.83 | 1059.61 | 1,540.61 | 1,151.59 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax and after exceptional and/or extraordinary items | 1146.3 | 858.44 | 1250.32 | 928.69 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (463.06) | (907.23) | (356.29) | (834.66) |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- each) | 698.58 | 698.58 | 698.58 | 698.58 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | - | - | 11,255.17 | 12,310.03 |
| 8 | Earnings Per Share (EPS) (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | |
| | 1. Basic: | 16.41 | 12.29 | 17.90 | 13.29 |
| | 2. Diluted: | 16.41 | 12.29 | 17.90 | 13.29 |

Notes:
1) The above is an extract of the detailed format of quarterly and year ended Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended from time to time. The full format of the quarterly and year to date Financial Results is available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and on the Company's website (www.suryaindialtd.com). The same can also be accessed by scanning the below QR code.
2) The above Financial Results were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 29.05.2025.
3) Total income from operations (net) does not include other income.
4) Previous quarter/ year figures have been re-grouped and re-arranged, wherever considered necessary to correspond with the current quarter/ year grouping.

For Surya India Limited
Sd/-
Preeti Agarwal
Managing Director
DIN : 00011450
Place : New Delhi
Date : 29-05-2025



**SINDHU TRADE LINKS LIMITED**
129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035
Audited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter & Year ended 31st March, 2025
CIN: L63020DL1992PLC121695 Website: www.sindhutrade.com, Email id: corporatecompliance@sindhutrade.com, Ph.:0124-6913083
Extracts of Standalone & Consolidated Audited Financial Results for the Quarter & Year Ended on 31.03.2025 (in Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year Ended | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | 31.03.2025 (Audited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.03.2025 (Audited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.03.2025 (Audited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.03.2025 (Audited) | 31.03.2024 (Audited) |
| Total Income from operations | 13,981.36 | 12,225.30 | 17,711.25 | 50,810.63 | 59,965.99 | 57,652.37 | 51,959.25 | 44,204.50 | 2,29,270.40 | 1,83,623.84 |
| Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or Extraordinary items) | (951.93) | 1,649.66 | 1,432.54 | 4,615.30 | 6336.71 | (6,897.18) | (83.02) | (11,971.98) | 16,039.75 | 7,660.28 |
| Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or Extraordinary items) | (951.93) | 1,649.66 | 1,432.54 | 4,615.30 | 6336.71 | (6,303.58) | (83.02) | (11,973.79) | 16,633.35 | 7,658.47 |
| Net profit/ (Loss) for the period after tax (before comprehensive Income) | (730.59) | 1,460.73 | 1,803.35 | 3,849.70 | 5436.90 | (5,897.95) | (747.07) | (10,197.41) | 12,158.92 | 7,076.53 |
| Total Comprehensive Income for the Period {comprising Profit / Loss for the Period (after Tax)} and Other Comprehensive Income (after Tax) | (202.71) | 1,460.74 | 2,506.66 | 4,377.62 | 6,352.61 | (7,022.76) | 3,376.01 | (8,744.60) | 17,007.81 | 10,128.09 |
| Equity Share Capital | 15,419.29 | 1,5419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year) | 76,434.14 | 76,636.85 | 72,056.51 | 76,434.14 | 72,056.51 | 1,45,364.07 | 1,43,474.61 | 1,34,163.36 | 1,45,364.07 | 1,34,163.36 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of 1/-each) Basic : | (0.05) | 0.09 | 0.14 | 0.25 | 0.35 | (0.35) | (0.03) | (0.66) | 0.17 | 0.37 |
| Diluted: | (0.05) | 0.09 | 0.14 | 0.25 | 0.35 | (0.35) | (0.03) | (0.66) | 0.17 | 0.37 |

Notes:-
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly & yearly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 30th May, 2025.
2. The above Audited financial results of the Company for the Quarter & Year ended on 31st March, 2024 have been reviewed by Audit Committee of the Board and approved by the Board of Director at its meeting held on 30th May, 2025.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Audit Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For & on behalf of Board of Directors
Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Rudra Sen Sindhu
Chairman & Director
DIN: 00006999
Place: Gurugram
Dated: 30.05.2025

नई दिल्ली
शनिवार, 31 मई 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 46
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43.0
न्यून. 32.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**बाजार का हाल**


| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,481.01 | 182.01 ▼ |
| निफ्टी | 24,750.70 | 82.90 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 98,600 /- | 100/- ▲ |
| चांदी | 1,00,000/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.56 | 8 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 64.41/ बैरल | | 0.41% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।



# दतिया-सतना एयरपोर्ट का होगा वर्चुअल लोकार्पण... इंदौर मेट्रो की होगी शुरुआत



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भोपाल प्रवास पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों की 2 लाख से अधिक महिलाएं सिंदूरी साड़ी में शामिल होंगी। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रधानमंत्री करीब दो घंटे तक भोपाल में



रहेंगे। उनका करीब पौन घंटे का भाषण होगा। प्रधानमंत्री करीब एक बजे भोपाल से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में प्रधानमंत्री इंदौर मेट्रो तथा सतना एवं दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। वे क्षिप्रा नदी पर ▶▶ शेष पेज 2 पर

### पीएम का यह होगा मिनट टू मिनट कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11.30 बजे भोपाल के जंबूरी मैदान पहुंचेंगे
- 11.35 पर महिला सशक्तिकरण प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे, इसके बाद वे सीधे मंचासीन होंगे
- केंद्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत के बाद सुबह 11.44 पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भाषण होगा
- इसके बाद राज्यपाल मंगुभाई पटेल का उद्बोधन होगा।
- प्रधानमंत्री अहिल्याबाई सम्मान प्रदान करेंगे, यह सम्मान 5 लाख रुपए का होगा
- इसके तत्काल बाद 300 रुपए का सिक्का जारी करेंगे
- प्रधानमंत्री सतना व दतिया एयरपोर्ट तथा क्षिप्रा घाट का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे
- अहिल्याबाई पर फिल्म की स्क्रीनिंग की जाएगी ▶▶ शेष पेज 2 पर

आधा दर्जन महिला आईपीएस पीएम मोदी की सुरक्षा में तैनात

### 1 हजार महिला पुलिसकर्मी और 3 हजार पुलिस जवानों भी रहेंगे मुस्तैद

*भोपाल। इस बार पीएम सुरक्षा की जिम्मेदारी मुख्य रूप से महिला पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई है। स्पेशल डीजी चयन एवं भर्ती सोनाली मिश्रा को सुरक्षा व्यवस्था को लीड करेंगी। वहीं आयोजन स्थल की सुरक्षा डीआईजी रेल मोनिका शुक्ला देखेंगी। आईपीएस निवेदिता गुप्ता मुख्य कारकेड में तैनात होंगी। वहीं हेलीपेड की सुरक्षा व्यवस्था की प्रभारी एआईजी किरनलता केरकेट्टा को बनाया गया है। करीब 27 महिला डीएसपी स्तर के अधिकारियों को भी साथ में तेनात किया गया है। इसके अलावा* ▶▶ शेष पेज 2 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



**खबर संक्षेप**

### उद्योग भवन को बम से उड़ाने की मिली धमकी



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव को उद्योग भवन, को उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिला। इसके बाद सुरक्षा तंत्र ने त्वरित कार्रवाई की। केंद्रीय सचिवालय के पास स्थित इस भवन को आईईडी से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल दोपहर में प्राप्त हुआ। इसके चलते सुरक्षा अधिकारियों ने दोपहर 3:15 बजे परिसर को खाली कराया। दिल्ली अग्निशमन अनुसार, दमकल की एक टीम मौके पर पहुंची। धमकी भरा ई-मेल उद्योग भवन में मुख्यालय वाले मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया था।

### एक पाली में होगी परीक्षा ताकि पारदर्शिता बनी रहे



**नई दिल्ली।** नीट पीजी 2025 की तैयारी कर रहे मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने परीक्षा आयोजकों को निर्देश दिया है कि नीट पीजी 2025 परीक्षा केवल एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और सभी उम्मीदवारों को समान अवसर मिल सके। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा को दो शिफ्ट में असमानता पैदा करता है और यह सभी उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं दे सकता। दो अलग-अलग शिफ्ट में पूछे गए प्रश्न पत्र कभी भी एक जैसे कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते।

भारत ने अपनी शर्तों पर रोकी सैन्य कार्रवाई

अभियान में विक्रांत की उत्तरी अरब सागर में पूरे कैरियर बैटल समूह के साथ मौजूदगी मात्र से ही अपने तटों तक सिमटकर रह गई पाक नौसेना

# अगर ऑपरेशन सिंदूर में नौसेना फॉर्म में आती तो पाकिस्तान के चार टुकड़े हो जाते: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के जवाब में 7 मई 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद शुक्रवार को पहली बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोवा तट से कुछ दूरी पर तैनात देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत का दौरा कर नौसैन्यकर्मियों से मुलाकात कर उन्हें अभियान की सफलता की बधाई दी। आईएनएस हंसा अड्डे पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और फिर उन्होंने विक्रांत के डेक से जंगी विमानों की कार्रवाई देखी व नौसेना की रणनीतिक तैयारियों का जायजा लिया। ऑपरेशन सिंदूर में हालांकि नौसेना शामिल नहीं हुई थी। लेकिन विक्रांत की अगुवाई में पूरे कैरियर बैटल समूह की ▶▶ शेष पेज 2 पर

1971 का इतिहास गवाह है...

### खत्म हो चुकी 1947 से जारी आतंकवाद का खतरनाक खेल खेलने की मियाद, हाफिज सईद, मसूद अजहर को भारत को सौंपा जाए

*यह जानकारी रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को गोवा में आईएनएस विक्रांत पर नौसैन्यकर्मियों को संबोधित करते हुए दी*

**समुद्र में सुनामी लाने में सक्षम नौसेना**



*उन्होंने दुश्मन को 1971 के युद्ध का इतिहास याद दिलाते हुए कहा कि उस वक्त जब नौसेना हरकत में आई थी तो पाकिस्तान दो टुकड़े हो गया था। लेकिन अगर ऑपरेशन सिंदूर में नौसेना फॉर्म में आई होती तो पाकिस्तान के दो नहीं बल्कि मैं समझता हूं कि चार टुकड़े हो जाते। जरा सोचिए कि जो खामोश रहकर भी किसी देश की फौज को बोतल में बंद रख सकता है। तो जब वह बोलेगा तो क्या नजारा होगा? अब अगर पाकिस्तान ने कोई हिमाकत की तो संभव है कि ओपनिंग हमारी नौसेना के हाथों से हो। दुश्मन इस बात को* ▶▶ शेष पेज 2 पर

### अपने हाथों से उखाड़ी आतंकवाद की नर्सरी

राजनाथ ने पाकिस्तान को नसीहत देते हुए कहा कि उसके हक में यही है कि वो अपनी जमीन पर चल रही आतंकवाद की नर्सरी को अपने हाथों से उखाड़ फेंके। जिसका आगाज उसे मुंबई आतंकी हमले के गुनहगार हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकियों को भारत को सौंपने से करना चाहिए। समुद्र के रास्ते मुंबई पर मौत बरसाने के सईद के गुनाह का इंसाफ होना चाहिए। ये काम पाकिस्तान में नहीं हो सकता है। दोनों आतंकी केवल भारत में ही मोस्ट वांटेड नहीं हैं। बल्कि ये यूएन की घोषित प्रतिबंधित वैश्विक आतंकियों की सूची में भी हैं। पाकिस्तान बार-बार भारत से ▶▶ शेष पेज 2 पर

### हमेशा चौकन्ने रहें नौसैन्य-कर्मी

*राजनाथ ने नौसैन्य कर्मियों को निर्देश दिया कि वो अपनी तैयारियों में कोई कोर कसर बाकी न छोड़ें। अब तक जो हुआ वो वॉर्मअप था। अगर पाक ने फिर से कोई दुस्साहस किया तो इस बार नौसेना भी हरकत में आएगी। फिर भगवान ही जानता है कि पाकिस्तान का क्या होगा? उन्होंने दोहराया कि पीएम मोदी पहले ही कह चुके हैं कि भारत की धरती पर कोई आतंकी हमला हुआ तो उसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और हम उसी भाषा में उसका जवाब देंगे।*

### विक्रांत की खासियत

*विक्रांत का अर्थ 'अदम्य साहस और अपराजेय शक्ति' होता है। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर 2022 को नौसेना में कमीशन किया था। यह भारत का पहला विमानवाहक युद्धपोत है। जिसे स्वदेशी रूप से केरल के कोचीन* ▶▶ शेष पेज 2 पर

आतंकियों की मौत पर शोक संवेदना जताने वाले कोलंबिया से उखड़े थरूर...

# हम कोलंबियाई सरकार के रुख से नाराज हैं, आतंकवाद के पीड़ितों के प्रति नहीं दिखाई कोई सहानुभूति

- बोले, जो आतंकियों को भेजते हैं और जो उनका मुकाबला करते हैं, उनमें नैतिक समानता असंभव



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमाओं पर फिलहाल थमे हुए बंदूकों के शोर के बीच दुनियाभर में नई सोच के साथ आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई भारत की जॉरो टॉलरेंस की नीति की जोरदार अंदाज में गूंज सुनाई दे रही है। जिसमें भारत सरकार की तरफ से भेजे गए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की सबसे अहम भूमिका है। अब तक जिन देशों का इन्होंने दौरा किया है। उनमें से ज्यादातर ने भारत के रुख का समर्थन किया है। लेकिन इन सबके बीच मामले पर कोलंबिया का अंदाजे-बयां भारतीय प्रतिनिधिमंडल को कतई रास नहीं आया। कांग्रेस नेता शशि थरूर की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राजधानी बोगोटा में हुई एक बैठक में कोलंबिया की सरकार के रुख पर साफ शब्दों में ▶▶ शेष पेज 2 पर

### भारत-पाक के बीच कोई नैतिक समानता नहीं

*उन्होंने ये भी कहा कि जो आतंकवादियों को भेजते हैं और जो उनका मुकाबला करते हैं। उनके बीच कोई नैतिक समानता नहीं हो सकती है। भारत केवल अपने आत्मरक्षा के अधिकार का निर्वहन कर रहा है। लेकिन अगर उसे लेकर यहां (कोलंबिया) कोई गलतफहमी है। तो हम उसे दूर करने ही आए हैं। कांग्रेस नेता ने ऑपरेशन सिंदूर की भारत की कार्रवाई को रक्षात्मक कदम के साथ पूरी तरह से वैध बताया और कहा कि हम अपने कोलंबियाई मित्रों से विस्तृत अंदाज में बातचीत कर स्थिति को साफ करने के पक्ष में हैं।*

### दूतावास ने किया भव्य स्वागत

*उधर, भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की इस यात्रा को लेकर कोलंबिया में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट की। जिसमें कहा कि कोलंबिया में भारत के* ▶▶ शेष पेज 2 पर

मॉडर्न आईफोन, एप्पल वॉच, स्मार्ट स्क्रीन, स्मार्ट स्पीकर्स और भी बहुत कुछ

## माननीयों को और 'स्मार्ट' बनाएगी राज्यसभा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कभी लोकसभा सचिवालय संसदीय विधान तय करता रहा। सांसदों सहित अन्य पॉलिसी तय करता रहा। राज्यसभा सचिवालय आमतौर पर लोकसभा सचिवालय के तय किये गये नियम कायदे को फॉलो करता रहा है। धीरे धीरे इसमें परिवर्तन देखने को मिल रहा है। अब राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड एक के बाद एक मानक सेट कर रहे हैं। लोकसभा सचिवालय उसे फॉलो करता दिख रहा है। सांसदों को पूरी तरह पेपरलेस कर अधुनिक तरीके से पामटॉप, आईपैड के माध्यम से विधायी कार्य निपटाने में सिद्धस्त करने के बाद राज्यसभा सचिवालय ने एक कदम और आगे बढाया है। राज्यसभा के सांसदों की कार्यक्षमता को बढ़ाने और डिजिटल इंडिया पहल को मजबूत करने के उद्देश्य से कई आधुनिक गैजेट्स और उपकरणों को माननीयों को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। राज्यसभा सांसदों के लिए 'स्कीम ऑफ फाइनेंशियल एंटाइटलमेंट ऑफ मेम्बर्स ▶▶ शेष पेज 2 पर

पार्क का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखा जाएगा

## सीएम नायब ने की गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को ग्रांट देने की घोषणा

***रोहतक के गांव पहरावर में भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली/रोहतक

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव पहरावर में गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को कैंपस-तीन के शिक्षण संस्थानों के निर्माण कार्यों हेतु प्रदेश सरकार की ओर से मैचिंग ग्रांट देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जितना पैसा



समाज इन संस्थानों के लिए एकत्रित करेगा, उससे ज्यादा की राशि हरियाणा सरकार द्वारा मैचिंग ग्रांट के रूप में प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में किसी एक बड़े पार्क का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखा जाएगा। इस अवसर पर ▶▶ शेष पेज 2 पर

सिंगापुर में आयोजित किए जा रहे शांगरी-ला संवाद से इतर बोले पाकिस्तान के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा

भारत की तरफ से इस पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है

## पाकिस्तान बोला, सीमाओं से घटने लगा तनाव, भारत संग कम होता सैन्य जमावड़ा?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने शुक्रवार को दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमाओं पर लगभग 22 अप्रैल से पहले वाले दिन वापस लौटने लगे हैं। दोनों ओर सैन्य जमावड़ा लगभग कम किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने अपनी खबरों के जरिए यह जानकारी दी है। यहां



बता दें कि पाकिस्तान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी इन दिनों सिंगापुर में जारी शांगरी-ला संवाद में शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने उक्त जानकारी वहां पर ही दी है। इस वैश्विक आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान कर रहे हैं। उधर, पाकिस्तानी अधिकारी के इस बयान पर भारत की तरफ से अभी तक फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 नागरिकों मारे गए थे। जिनमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल था। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई की और पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। ▶▶ शेष पेज 2 पर

भारतीय सांसदों की तुलना को शर्मनाक बताया

कभी राहुल गांधी ने यह नहीं पूछा कि कितने आतंकवादी मारे गए, कितने आतंकी ठिकाने नष्ट हुए: भाजपा

## ये जो पाकिस्तान के बब्बर हैं, वो हिंदुस्तान के गब्बर बन गए हैं: पात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कांग्रेस द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के सबूत मांगने और भारतीय सेना के मनोबल को कमजोर करने के विपक्ष के कुंठित प्रयासों की कठोर आलोचना की। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ संबित पात्रा ने शुक्रवार को केन्द्रीय



कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश द्वारा आतंकियों और भारतीय सांसदों की तुलना करने को शर्मनाक बताते हुए कहा कि जो सांसद विदेशों में भारत का पक्ष रखने गए हैं, वे 'घूमने' नहीं गए। वे भारत के आत्मबल और आतंकवाद-विरोधी नीति को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करने गए हैं। ये जो पाकिस्तान के बब्बर हैं, वो हिंदुस्तान के गब्बर बन गए हैं। हिंदुस्तान के इन गब्बरों की वही दशा होगी जो जय और वीरू ने असली गब्बर ▶▶ शेष पेज 2 पर

जल्द ही इनकी सेना, वायुसेना और नौसेना में होगी तैनाती

अकादमी के 148वें कोर्स के कुल 336 युवा कैडेटों ने सफलता के साथ पूरा किया अपना प्रशिक्षण

## एनडीए से उत्तीर्ण होकर निकले 17 महिलाओं के पहले बैच ने रचा इतिहास

मिजोरम के राज्यपाल और पूर्व सेनाप्रमुख जनरल वीके. सिंह ने की कैडेटों की पासिंग आउट परेड की समीक्षा।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

30 मई 2025 का दिन महाराष्ट्र के खडकवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) सहित सशस्त्र सेनाओं के इतिहास का एक अत्यंत गौरवशाली दिन बन गया है। क्योंकि इसी दिन 17 महिला कैडेटों का पहला बैच अकादमी से बतौर स्नातक के रूप में उत्तीर्ण होकर निकला है। जल्द ही ये सभी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना जॉइन करेंगी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इतिहास में यह



पहली बार है जब 300 से अधिक पुरुषों के साथ (सह-शिक्षा) 17 महिलाएं एनडीए से पास होकर निकली हैं। जो अकादमी की राष्ट्र निर्माण की विरासत ▶▶ शेष पेज 2 पर

### बिलकुल अलग अनुभव देती ट्रेनिंग

*एक अन्य महिला कैडेट श्रीती दक्ष ने कहा कि उनके पिता वायुसेना में विंग कमांडर रह चुके हैं, बहन भी सेना में है। जैसा मैंने सोचा था, अकादमी का मेरा अनुभव उससे कहीं अधिक बेहतर है। यहां आकर ही मुझे सही मायने में पता चला कि एनडीए की ट्रेनिंग कैसी होती है? आज मैं अपने पिता के जैसा अनुभव कर रही हूं। जैसा उन्होंने एक वक्त पर किया* ▶▶ शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### मंईयां सम्मान:लाभुकों के खाते में आएंगे 10 हजार



रांची। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के जनवरी से लाभ से वंचित 20 हजार लाभुकों के भुगतान का रास्ता साफ हो गया है। इनका भुगतान एक-दो दिनों में होने की संभावना है। कुल 77 हजार लाभुकों का भुगतान रोककर रखा गया था। लगातार सत्यापन के बाद इनमें से 20 हजार एक सौ लाभुक होल्ड सूची से बाहर हो गए हैं।

# पीएम की अगुवाई में पाक को उसी की भाषा में दिया जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार, 30 मई को उत्तर प्रदेश स्थित कानपुर में लगभग 47,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस संदर्भ में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का आभार जताया

एजेंसी ▶▶ कानपुर



**ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर कानपुर में गरजे सीएम योगी**

सीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पीएम मोदी का पहला यूपी दौरा है। सीएम ने कहा कि पीएम की अगुवाई में पाकिस्तान की उसी की भाषा में जवाब दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, देश के दुश्मनों को वे जिस भाषा में समझें, उसी भाषा में पहले सर्जिकल स्ट्राइक और फिर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पीएम मोदी के मार्गदर्शन भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम के कारण पूरी दुनिया भारत के शौर्य और शक्ति को एक उदाहरण के तौर पर मान रही है।

### 'भारत की नई डिफेंस नीति

सीएम ने कहा कि भारत की नई डिफेंस नीति, जिसके अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर के भारतीय बलों ने हमारी सुरक्षा को पुख्ता करने का प्रमाण दिया गया, यह पीएम मोदी की अगुवाई में मेड इन इंडिया की उस ताकत का भी एहसास दुनिया को कराता है, जो इस बार ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने देखा है। यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कहना कि ऑपरेशन सिंदूर न्याय की प्रतिज्ञा है। प्रत्येक भारतीय की भावनाओं और देश के दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करता है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर भारतीय को अपने देश की संप्रभुता पर गर्व की अनुभूति हो रही है। आपने पिछले 11 वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर समृद्धि तक का जो मार्ग स्थापित किया है। उसने देश के लिए एक मजबूत नींव रखी है। इसकी एक झलक आज कानपुर में देखने को मिली, जहां हमने 47,600 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास देखा।

**जगत गुरू शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

# समाज के सामने सच को उजागर करना पत्रकारों का अहम दायित्व, फेक न्यूज से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ मथुरा



गणेश शंकर विद्यार्थी की याद में शुक्रवार को नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया एवं ब्रज प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 33 वां पत्रकारिता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें आए राजनीति, धार्मिक, पत्रकार जगत से जुड़े विशिष्ट लोगों द्वारा वर्तमान पत्रकारों की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ जगत गुरू शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरूण सिंह, एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, विधायक पूरन प्रकाश, एमएलसी ओमप्रकाश सिंह द्वारा मां सरस्वती के छवि चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरूण सिंह ने कहा कि पत्रकारों के हित में केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही हैं।

## पेज एक का शेष

### दतिया-सतना एयरपोर्ट का होगा...

778 करोड़ के घाट निर्माण कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री 483 करोड़ लागत के 1271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की पहली किश्त का अंतरण भी करेंगे। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मौजूद रहेंगे।

**पीएम का यह होगा मिनट..**

फिल्म की स्क्रीनिंग की जाएगी

- 12.09 बजे प्रधानमंत्री मोदी का भाषण होगा इसके बाद पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री धन्यवाद देंगे
- दोपहर करीब एक बजे पीएम मोदी स्टेट हैंगर फिर यहां से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे

### 1 हजार महिला पुलिसकर्मी ...

*पूरे आयोजन की व्यवस्था में 1 हजार महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।*

### अगर ऑपरेशन सिंदूर...

उत्तरी अरब सागर में बनी हुई बेजोड़ आक्रामक तैनाती और समुद्री वर्चस्व मात्र से ही पाकिस्तानी नौसेना अपने तट (खासकर मकरान तट) तक ही सिमट कर रह गई और उसने खुले समुद्र में आने का साहस नहीं किया। भारत ने अपनी शर्तों पर सैन्य कार्रवाई रोकी है। रक्षा मंत्री ने नौसेना के मौन पराक्रम की सराहना की और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपना संबोधन दिया। जिसमें उन्होंने बिना किसी लाग लपेट के पाकिस्तान को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि अब उसे भारत के खिलाफ 1947 में आजादी के समय से जारी आतंकवाद का खतरनाक खेल खेलना बंद कर देना चाहिए। क्योंकि इसकी मियाद खत्म हो चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर पर चेतावनी के साथ 'विराम' लगा है। ऐसे में अब अगर पाकिस्तान ने कोई गलती की तो भारत के जवाब से पाकिस्तान को संभलने तक का मौका नहीं मिलेगा। जिससे साफ है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ ऐसे तरीकों के इस्तेमाल में भी संकोच नहीं करेगा। जो पाक सोच भी नहीं सकता है। यहां बता दें कि पूर्व में राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर और गुजरात के भुज के सैन्य ठिकानों का दौरा कर वहां क्रमशः सेना और वायुसेना के कर्मियों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की थी। गोवा में रक्षा मंत्री के साथ नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के.त्रिपाठी, नौसेना की पश्चिमी कमांड के प्रमुख (एफओसी-इन-सी) वाइस एडमिरल संजय सिंह और अन्य वरिष्ठ नौसैन्य अधिकारी मौजूद थे।

**भारत के संकल्प का नेतृत्व करता विक्रांत** : उन्होंने 1961 के गोवा मुक्ति संग्राम का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौरान चलाए गए अभियान में भारतीय नौसेना के युद्धपोतों खासकर भूतपूर्व आईएनएस विक्रांत ने बल के जंगी बेड़े की अगुवाई की थी। दुश्मन के युद्धपोतों और सैन्य ठिकानों पर निर्णायक कार्रवाई की गई। अभियान ने भारत से साम्राज्यवाद के अंतिम अवशेषों को मिटा दिया था। आज पुनः विक्रांत ने अपने नए अवतार में आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प का नेतृत्व कर रहा है। पाकिस्तानी धरती से भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाई जा रही हैं। भारत आतंकवादियों के खिलाफ सीमा, समुद्र के इस पार और उस पार हर प्रकार का अभियान चलाने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है। नागरिकों की सुरक्षा के इस अधिकार को पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। इस काम को करने से हमें दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है।

**96 घंटे में कराया अहसास** : रक्षा मंत्री ने कहा, पहलगाम हमले के 96 घंटे के अंदर देश के पश्चिमी-पूर्वी तट पर सतह से सतह, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और टारपीडो से सफल फायरिंग की गई। ये हमारे सैन्य उपकरणों, सिस्टम और चालक दल की युद्धक तैयारी को दर्शाता है। इसी से दुश्मन रक्षात्मक मुद्रा में आ गया। हमारी नौसेना का मनोबल समुद्र से अधिक गहरा है। बल ने यह दिखा दिया कि चाहे जमीन हो, आकाश हो या समुद्र भारत कहीं से भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### अपने हाथों से उखाड़े...

बातचीत की पेशकश कर रहा है। बीते गुरुवार को पाक प्रधानमंत्री ने इसे दोहराया था। लेकिन भारत ने साफ कर दिया है कि अब अगर पाक से बात होगी तो आतंकवाद और पीओके पर ही होगी।

### समुद्र में सुनामी लाने ...

*गांठ बांध कर रखे कि हमारी नौसेना अगर एक ओर समुद्र की तरह शांत है तो दूसरी ओर वह समुद्र की तरह ही सुनामी लाने की क्षमता भी रखती है। ऑपरेशन सिंदूर एकीकृत सैन्य अभियान था। जिसमें तीनों सेनाओं, विभिन्न मंत्रालयों, एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय देखने को मिला। नौसेना के कर्मी जब देश चैन की नींद सोता है, तब समुद्र के सीने पर तैनात रहते हैं। न दिन देखते हैं, न रात, न मौसम, न परिस्थिति। आज का युग ऐसा है, जहां युद्ध गोलियों और बमों से नहीं लड़े जाते। बल्कि उसमें साइबर स्पेस, डेटा प्रभुत्व और सामरिक क्षमता शामिल होते हैं। नौसेना इन क्षेत्रों में मजबूती से आगे बढ़ रही है।*

### विक्रांत की खासियत...

*शिपयार्ड में बनाया गया। वजन 40 हजार टन, निर्माण में आई लागत करीब 20 हजार करोड़ रुपए है। इसकी लंबाई 262 मीटर और चौड़ाई 62 मीटर है। इस दृष्टिकोण से इसके डेक का आकार दो फुटबॉल ग्राउंड के बराबर है। इसमें एक समय पर चालक दल के कुल 1600 कर्मी तैनात रह सकते हैं। विक्रांत के डेक पर 30 जंगी विमानों की तैनाती रहती है। समुद्र में 28 नॉट्स की अधिकतम रफ्तार के साथ यह करीब 14 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है। विक्रांत में कुल 14 फ्लोर, 2400 कक्ष बनाए गए हैं। महिलाओं से विशेष केबिन की व्यवस्था है।*

### हम कोलंबियाई...

नाराजगी के साथ निराशा जताते हुए कहा कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की रक्षात्मक कार्रवाई यानी ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में मारे गए आतंकवादियों को लेकर शोक जताया।

लेकिन आतंकवाद से पीड़ित लोगों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई। बताते चलें कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक शामिल था। सभी को पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन के छद्म रूप टीआरएफ के आतंकवादियों ने धर्म पूछकर बड़े ही निर्मम तरीके से उनके परिवारों के सामने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके जवाब में भारत की सेनाओं ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को अंजाम देकर पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 आतंकी कैंपों को बर्बाद कर दिया था।

### दूतावास ने किया ...

*राजदूत वनलालहुमा ने प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। जिससे आतंकवाद के विरुद्ध भारत के मजबूत रुख को स्पष्ट करने के लिए एक सार्थक जुड़ाव की शुरुआत हुई। अपने बागोटा प्रवास के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल कोलंबिया की कांग्रेस के सदस्यों, मंत्रियों, थिंक टैंक और मीडिया से मुलाकात करेगा। थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में कुल 9 सदस्य हैं। जिनमें भाजपा से शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कालिता, तेजस्वी सूर्या, एलजेपी (रामविलास) से संभावी चौधरी, जेएमएम से सरफराज अहमद, टीडीपी से जीएम हरीश बालयोगी, शिवसेना ने मिलिंद देवड़ा और पूर्व राजदूत टीएस संधु शामिल हैं।*

### माननीयों को और...

ऑफ राज्यसभा फॉर 'कंप्यूटस इक्यूपमेंट' के अंतर्गत उच्चसदन के माननीयों को अब अति आधुनिक गैजेट्स से लैस किया जाएगा। योजना सांसदों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और उनके कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के लिए शुरू की गई है। राज्यसभा सांसदों को पहले से ही डेस्कटॉप, लैपटॉप, पेन ड्राइव, प्रिंटर, स्कैनर, यूपीएस, टेम्पर्ड ग्लास, स्क्रीन गार्ड, और स्मार्टफोन जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती रही हैं। अब सांसदों को स्मार्ट टीवी और स्मार्ट डिस्प्ले प्रदान किए जाएंगे, जो उनकी कार्यालयी और जनसंपर्क गतिविधियों में सहायता करेंगे। ये उपकरण डिजिटल प्रस्तुतियों, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, और सूचना प्रदर्शन के लिए उपयोगी होंगे। स्मार्ट प्रोजेक्टर और पोर्टेबल स्क्रीन सांसदों को जनसभाओं, बैठकों, और प्रस्तुतियों के दौरान तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। ये उपकरण आसानी से ले जाए जा सकते हैं और क्षेत्रीय स्तर पर जनता के साथ संवाद को बेहतर बनाएंगे। टैबलेट और कीबोर्ड सांसदों को मोबाइल और लचीली कार्यशैली प्रदान करेंगे, जिससे वे कहीं भी अपने कार्य को आसानी से पूरा कर सकेंगे। स्मार्ट स्पीकर और स्मार्टवॉच जैसे वियरेबल्स सांसदों को समय प्रबंधन, सूचनाओं तक त्वरित पहुंच, और स्वास्थ्य निगरानी जैसे फीचर्स प्रदान करेंगे। स्मार्टवॉच में कॉलिंग, नोटिफिकेशन, और डिजिटल असिस्टेंट जैसे फीचर्स शामिल हो सकते हैं। अन्य तकनीकी उपकरण भी शामिल किए गए हैं, जो सांसदों के कार्य को और अधिक सुगम बनाएंगे। इनमें विभिन्न सॉफ्टवेयर और कनेक्टिविटी उपकरण शामिल हो सकते हैं। इस नई योजना का मुख्य उद्देश्य सांसदों को आधुनिक तकनीक से लैस करके उनके कार्यक्षेत्र को अधिक प्रभावी और जनता के साथ जुड़ाव को मजबूत करना है। यह कदम डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप है, जो तकनीक के माध्यम से प्रशासन और जनसेवा को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। स्मार्ट गैजेट्स सांसदों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का बेहतर उपयोग करने में सक्षम बनाएंगे, जैसे कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, डिजिटल प्रस्तुतियां, और सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचना। राज्यसभा सांसदों को मिलने वाली गैजेट्स की सूची लोकसभा सांसदों की तुलना में अधिक व्यापक है। हालांकि, दोनों सदनों के सांसदों को कंप्यूटर और संबंधित उपकरणों की मूलभूत सुविधाएं समान रूप से मिलती हैं। यह अंतर इस बात को दर्शाता है कि राज्यसभा सांसदों के लिए तकनीकी सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यह योजना डिजिटल इंडिया अभियान का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। सांसदों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर, सरकार न केवल उनके कार्य को सुगम बना रही है, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि वे डिजिटल युग में जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर सकें।

### सीएम नायब ने की...

हरियाणा सरकार के मंत्री अरविंद शर्मा, भाजपा हरियाणा के अध्यक्ष मोहन लाल बडौली सहित कई विधायक भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं शुक्रवार को जिला रोहतक के गांव पहरावर में भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने समाज की संस्था को 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा रखी गई अन्य मांगों को भी विभागों को भेजकर उनकी फिजिबिलिटी चैक करवाकर प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का काम किया जाएगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने 61 करोड़ 23 लाख रुपये लागत की कुल 9 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 54 करोड़ 26 लाख रुपये लागत की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 6 करोड़ 97 लाख रुपये लागत की 4 परियोजनाओं का उद्घाटन शामिल है। भगवान परशुराम को पराक्रमी योद्धा, वेदों के ज्ञाता और एक महान समाज सुधारक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने ब्राह्मण होते हुए भी शस्त्र धारण कर अन्याय और अधर्म का नाश किया। भगवान परशुराम जी का जीवन हमें यही संदेश देता है कि ज्ञान और बल का संतुलन ही समाज को सही दिशा में आगे ले जाता है।

### पाकिस्तान बोला, ...

**परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं हुआ** : वैश्विक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों सेनाओं ने सैनिकों की संख्या कम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हम करीब 22 अप्रैल से पहले की स्थिति में वापस आ गए हैं। दोनों देशों के बीच तनाव घटाने के लिए पर्दे के पीछे से यानी कोई बैकचैनल चर्चा या अनौपचारिक बातचीत नहीं हुई। संघर्ष के दौरान परमाणु हथियारों के हवाले से हालांकि कोई कदम नहीं उठाया गया। लेकिन ये एक खतरनाक स्थिति है। उक्त मुद्दों को युद्ध के मैदान में नहीं केवल बातचीत से ही हल किया जा सकता है।

### ये जो पाकिस्तान...

का किया था। भारत का जय और भारत की वीरता के कारण गब्बर की हार सुनिश्चित हुई थी, और आज भी यही होगा। पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी, जयराम रमेश और रेवंत रेड्डी जैसे कुछ नेताओं के बयानों ने न केवल भारतीय सेना के मनोबल को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, बल्कि बार-बार देश के सामान्य नागरिकों के आत्मविश्वास को भी कमजोर करने की चेष्टा की है। भारत अब आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्यवाही करने में सक्षम है और उसमें संकोच नहीं करता। पहले दिन से ही कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी, जयराम रमेश, रॉबर्ट वाड्रा और उनके अन्य सहयोगियों ने भारत की सेना, उसके शौर्य और पराक्रम पर सवाल खड़े किए। यह तथाकथित 'सबूत गैंग' भारत की इस निर्णायक कार्रवाई से प्रसन्न नहीं है। जब भारत आतंकवादियों पर कठोर प्रहार करता है, तब यही गैंग प्रमाण मांगने लगता है। उन्होंने कहा कि जब आतंकवादियों को प्रधानमंत्री कार्यालय बुलाया जाता था। सोनिया गांधी के निर्देश पर आतंकवादियों का स्वागत-सत्कार किया जाता था, उन्हें सम्मानित किया जाता था, उनके लिए उपहार भेजे जाते थे। यह भी भूलना नहीं चाहिए कि जब बाटला हाउस एनकाउंटर में एक कुख्यात आतंकवादी मारा गया था तब सोनिया गांधी की आखों में आंसू थे। वो इस कदर भावुक हो गई थीं कि उन्हें अपने आंसू रोकना मुश्किल हो गया था और 26/11 मुंबई आतंकी हमले के ठीक बाद, जब पूरा देश शोक और क्रोध में डूबा था, तब राहुल गांधी पार्टी कर रहे थे, यह तथ्य आज भी जनता के मन में जीवित है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. पात्रा ने कहा कि सिद्धारमैया जैसे नेता कहते हैं 'युद्ध ठीक नहीं है, हमें युद्ध नहीं करना चाहिए।' राहुल गांधी, जयराम रमेश और रेवंत रेड्डी पूछते हैं 'कितने राफेल गिराए' सेना कोई स्कोर कार्ड नहीं बनाती, वह दुश्मन को जवाब देती है लेकिन कांग्रेस पार्टी पहले दिन से ही सेना से नहीं, देश से नहीं, केवल राजनीति से जुड़ी रही है। कभी राहुल गांधी ने यह नहीं पूछा कि कितने आतंकवादी मारे गए? कितने आतंकी ठिकाने नष्ट हुए? कितने पाकिस्तानी एयरबेस ध्वस्त हुए? मगर हर बार यही पूछा कि भारत के कितने जहाज गिरे। पात्रा ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कल जो कहा है, वह अत्यंत निंदनीय है। घुसपैठियों, रोहिंग्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण देने का सबसे बड़ा काम अगर किसी ने किया है तो वह ममता बनर्जी ने किया है।

### एनडीए से उत्तीर्ण होकर...

में एक परिवर्तनकारी उपलब्धि है। साथ ही कुल 336 कैडेटों वाले 148वें कोर्स-स्प्रिंग टर्म के समापन का प्रतीक भी है। इस अवसर पर एनडीए परिसर में आयोजित किए गए भव्य परेड समारोह (1341 कैडेट शामिल हुए) की समीक्षा मिजोरम के राज्यपाल और पूर्व सेनाप्रमुख जनरल वीके.सिंह ने की। समारोह के समापन पर एक भव्य फ्लाई पास्ट भी हुआ। जिसमें सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान, चेतक हेलिकॉप्टर और सुपर डिमोना मोटराइज्ड ग्लाइडर ने उड़ान भरी। यह प्रशिक्षण की समाप्ति के अलावा कैडेटों की सैन्य यात्रा के अगले चरण की शुरुआत का प्रतीक बना।

**सम्मानित हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले कैडेट** : मंत्रालय ने बताया कि जनरल सिंह ने समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को सम्मानित किया। जिसमें बटालियन कैडेट एडजुटेंट प्रिंस राज को राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अकादमी कैडेट कैप्टन उदयवीर सिंह नेगी को राष्ट्रपति के रजत पदक और बटालियन कैडेट कैप्टन तेजस भट्ट को राष्ट्रपति कांस्य पदक प्रदान किया गया। समग्र उत्कृष्टता के लिए गोल्फ स्क्वाड्रन को प्रतिष्ठित चीफ ऑफ स्टाफ बैनर से सम्मानित किया गया। समारोह में एनडीए के कमांडेंट वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह, उप-कमांडेंट एयर वाइस मार्शल सरताज बेदी, सिस्क (आईडीएस मुख्यालय) एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, सेना की दक्षिणी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ और अकादमी के प्रतिष्ठित परिवार, स्कूली बच्चे, नागरिक तथा सशस्त्र सेनाओं के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मी शामिल हुए।

**नारी शक्ति को सलामः जनरल सिंह** : युवा कैडेटों को संबोधित करते हुए जनरल वी.के.सिंह ने कहा कि इतिहास में पहला मौका है। जब एनडीए के इस खेत्रपाल ग्राउंड से 17 महिला कैडेटों का पहला बैच पास होकर निकल रहा है। उन्होंने नारी शक्ति को सलाम करते हुए कहा कि यह उनके प्रशिक्षण की नई संभावनाओं का आगाज है। इसे ट्रेनिंग के समापन के रूप में नही देखा जाना चाहिए। जनरल सिंह ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता की पंक्तियों को दोहराते हुए कहा कि मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है।

**शीर्ष अदालत ने खोले एनडीए के दरवाजे** : गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद वर्ष 2021 में संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने महिलाओं को रक्षा अकादमियों में आवेदन करने की अनुमति प्रदान की थी। इस लिहाज से देखें तो ये देश की शीर्ष अदालत ही थी। जिसके अभूतपूर्व निर्णय के बाद महिलाओं के लिए एनडीए के दरवाजे खुले। अदालती निर्णय के अगले साल यानी 2022 में पहली बार 17 महिला कैंडिडेट्स का यह पहला बैच एनडीए में शामिल हुआ था। तब से लेकर आज तक एनडीए में महिला कैडेटों की संख्या कुल करीब 126 है। इनमें से पांच के इस्तीफे के बाद इनकी संख्या 121 रह गई है। यह 17 राज्यों से हैं, जिनमें सबसे ज्यादा 35 हरियाणा से हैं।

**हरियाणा की हरसिमरन नौसेना जॉइन करेंगी** : एनडीए से उत्तीर्ण होकर निकलीं 17 में से एक महिला कैडेट हरियाणा की हरसिमरन कौर हैं। जो अब नौसेना जॉइन करेंगी। उन्होंने कहा, मैं इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा यानी जेईई मेन्स की तैयारी कर रही थी। हरसिमरन ने बताया कि उनके पिता भारतीय सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और दादा भी सेना से ही थे। यही वजह है कि मैं भी सशस्त्र सेनाओं से गहरा जुड़ाव रखती हूं।

### बिलकुल अलग अनुभव ...

*होगा। श्रीती ने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बीकॉम ऑनर्स की डिग्री ली है।*


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82245058A | ऑर्थो ओटी टेबल (रीढ़ विस्तार के साथ हेड रेस्ट सिस्टम के साथ ट्रैक्शन सेट के साथ) | 1 | 26.06.2025 |

प्री–बिड मीटिंग दिनांक 13.06.2025 (03:00 PM) को रूम नंबर 232, कॉन्फ्रेंस हॉल, द्वितीय तल, एनेक्सी–I, स्टोर डिपार्टमेंट, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–01 में आयोजित की जाएगी।

**निविदा शर्तें** 1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 82245058A/MED/PART-II दिनांक : 30.05.2025 1616/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित दुबे उर्फ गोलू पुत्र प्रदीप दुबे निवासी म. नं. 1/331/1, गली नं. 5, भू–तल, सिद्धार्थ गली, मंडावली, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 471/2016 अंतर्गत धारा 323/341 आईपीसी थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित दुबे उर्फ गोलू** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित दुबे उर्फ गोलू** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 471/2016 अंतर्गत धारा 323/341 आईपीसी थाना मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अंकित दुबे उर्फ गोलू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सचिन**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
पूर्व जिला, कोर्ट नं. 16
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/6375/ED/2025**
**(Court Matter)**


**पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड**

PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES

CIN No. L25209DL1971PLC005535

**पंजीकृत कार्यालय** : ए–97/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–II, नई दिल्ली – 110020, भारत

**टेलीफोन नंबर:** +91–11–47385300, **फैक्स:** +91–11–47480746

**ईमेल:** pearl@pearlpet.net, **वेब:** www.pearlpet.net

**31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.03.2024 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2024 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 471.98 | 521.38 | 636.84 | 2,516.81 | 2,435.88 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर और अपवादात्मक मदों से पहले) | (457.86) | (221.69) | (70.26) | (527.13) | 32.71 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (असाधारण मदों के बाद) | (457.86) | (221.69) | (70.26) | (527.13) | 32.71 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर के बाद (असाधारण मदों के बाद) | (442.73) | (221.69) | (49.66) | (512.00) | 65.41 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय अवधि [इस अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (445.97) | (221.69) | (63.66) | (515.24) | 51.41 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष की ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 1,657.36 | 2,172.60 |
| 8 | प्रति शेयर आय (10/– रुपये प्रत्येक) (निरंतर और बंद परिचालन के लिए) | | | | | |
| | 1. मूल | (2.63) | (1.32) | (0.30) | (3.04) | 0.39 |
| | 2. तनुकृत | (2.63) | (1.32) | (0.30) | (3.04) | 0.39 |

**नोट:**
उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल अलेखापरीक्षित तिमाही और समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप और 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों: www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट: www.pearlpet.net पर उपलब्ध हैं।

पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
उदित सेठ
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00005403

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 30 मई, 2025



**FORTUNE INTERNATIONAL LTD**

CIN : L52324DL1981PLC012033

Regd. Office: G-4, Community Centre, Naraina Vihar, New Delhi-110028

E- Mail ID for investors: rekha.srivastava2016@gmail.com Tel: 011-25774212-214, 25771629

**Extract of Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter/Year ended on 31st March, 2025**

(Figures in lakhs)

| Particulars | Standalone Quarter ended 31.03.2025 (Audited) | Standalone Quarter ended 31.12.2024 (Unaudited) | Standalone Quarter ended 31.03.2024 (Audited) | Standalone Year ended 31.03.2025 (Audited) | Standalone Year ended 31.03.2024 (Audited) | Consolidated Quarter ended 31.03.2025 (Audited) | Consolidated Quarter ended 31.12.2024 (Unaudited) | Consolidated Quarter ended 31.03.2024 (Audited) | Consolidated Year ended 31.03.2025 (Audited) | Consolidated Year ended 31.03.2024 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | -2.04 | -2.79 | -3.83 | 79.23 | 73.91 | -2.04 | -2.79 | -3.84 | -10.65 | -15.97 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | -2.04 | -2.79 | -3.83 | 79.23 | 73.91 | -2.04 | -2.79 | -3.84 | -10.65 | -15.97 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | -1.53 | -2.09 | -2.87 | 59.29 | 54.78 | -1.53 | -2.09 | -2.87 | -30.59 | -35.09 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | -1.53 | -2.09 | -2.87 | 59.29 | 54.78 | 58.06 | 63.28 | 195.69 | 426.66 | 502.14 |
| Paid up Equity Share Capital | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | - | - | -232.63 | -291.92 | - | - | - | | 3205.81 |
| Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations) Basic: | -0.02 | -0.03 | -0.04 | 0.84 | 0.78 | 0.73 | 0.90 | 2.82 | 5.96 | 7.18 |
| Diluted: | -0.02 | -0.03 | -0.04 | 0.84 | 0.78 | 0.73 | 0.90 | 2.82 | 5.96 | 7.18 |

**AUDITED STATEMENT OF ASSETS & LIABILITIES**

| Sr. No. | Particulars | Standalone As at March 31, 2025 Amount In Lakhs. | Standalone As at March 31, 2024 Amount In Lakhs. | Consolidated As at March 31, 2025 Amount In Lakhs. | Consolidated As at March 31, 2024 Amount In Lakhs. |
|---|---|---|---|---|---|
| I. | **ASSETS** | | | | |
| 1 | **Non Current Assets** | | | | |
| | (a) Property, Plant and Equipment | - | - | - | - |
| | (b) Capital work-in-progress | 4.29 | - | 4.29 | |
| | (b) Financial Assets | | | | |
| | (i) Investments | 370.31 | 370.31 | 4235.41 | 3868.04 |
| | (c) Other non-current assets | - | - | - | - |
| | | **374.6** | **370.31** | **4239.7** | **3868.04** |
| 2 | **Current Assets** | | | | |
| | (a) Financial Assets | | | | |
| | (i) Cash and cash equivalents | 134.94 | 84.61 | 134.94 | 84.61 |
| | (b) Current Tax Assets (net) | 1.99 | 1.14 | 1.99 | 1.14 |
| | (c) Other current assets | 4.8 | 2.59 | 4.8 | 2.59 |
| | | **141.73** | **88.34** | **141.73** | **88.34** |
| | **TOTAL** | **516.33** | **458.65** | **4381.43** | **3956.38** |
| II. | **EQUITY AND LIABILITIES** | | | | |
| | **EQUITY** | | | | |
| | (a) Equity Share Capital | 704 | 704 | 704 | 704 |
| | (b) Other Equity | -232.63 | -291.92 | 3632.46 | 3205.81 |
| | **Total Equity** | **471.37** | **412.08** | **4336.46** | **3909.81** |
| | **LIABILITIES** | | | | |
| 1 | Non Current Liabilities | | | | |
| | (a) Financial Liabilities | | | | |
| | (i) Borrowings | 43 | 43 | 43 | 43 |
| | | **43** | **43** | **43** | **43** |
| 2 | **Current Liabilites** | | | | |
| | (a) Financial Liabilities | | | | |
| | (i) Trade payables | - | - | | |
| | a) total outstanding dues of creditors other than MSE | 1.53 | 3.01 | 1.53 | 3.01 |
| | (a) Other Current Liabilities | 0.43 | 0.56 | 0.43 | 0.56 |
| | | **1.96** | **3.57** | **1.96** | **3.57** |
| | **TOTAL** | **516.33** | **458.65** | **4381.42** | **3956.38** |

Scan QR Code for detailed Financial Results

**Note:**
The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange website: http://www.bseindia.com and also on the Company's website: http://www.fortuneinternational.in.

**For FORTUNE INTERNATIONAL LTD**
Sd/-
(Nivedan Bharadwaj)
Managing Director
(DIN: 00040191)

Place: New Delhi
Date : 30.05.2025

## दिल्ली की भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे, सीएम ने जारी की वर्कबुक

# हम नाम कमाने वाली नहीं, काम करने वाली सरकार हैं : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वो नाम कमाने वाली सरकारें थीं, हम काम करने वाली सरकार हैं। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के 100 दिन पूरे होने पर दिल्ली सचिवालय में वर्कबुक जारी करने के दौरान कही। सीएम ने पिछली सरकार पर तंज कंसते हुए कही। सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने जनता का पैसा भ्रष्टाचार में बर्बाद किया, जबकि वर्तमान सरकार ने जनता की सेवा को प्राथमिकता दी है। उन्होंने पिछली सरकार पर तंज करते हुए कहा कि वे मेवा खाने वाली सरकार थी, हम सेवा करने वाली सरकार है। उन्होंने भ्रष्टाचार से महल सजाए, हमने



ईमानदारी से दिल्ली संवारी है। इस प्रैसवार्ता में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, रविंद्र इंद्राज सिंह और कपिल मिश्रा मौजूद रहे। सीएम ने वर्कबुक जारी करने के दौरान कहा कि यह रिपोर्ट कार्ड नहीं बल्कि दिल्ली की विकास यात्रा का डॉक्यूमेंट है। यह वर्कबुक दिल्ली सरकार के 100 दिन की प्राथमिक उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के 100 दिनों की जनहित में कार्य करने को लेकर एक पैम्फलेट भी हर घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि जनता को यह बताया जा सके कि उनकी सरकार किस प्रकार 24 घंटे समर्पित भाव से कार्य कर रही है। वहीं सीएम ने बताया कि सरकार के शुरुआती 100 दिन छोटे अवश्य हैं, परंतु उनमें उठाए गए जनहित के ठोस और निर्णायक कदम दिल्ली की दिशा और दशा में बड़ा बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यह दावा नहीं करते कि 100 दिन में सब कुछ बदल गया है, लेकिन हम पूरे विश्वास से कह सकते हैं कि इन 100 दिनों में हमने जनता के विश्वास को मजबूत करने वाले कदम उठाए हैं। दिन हो या रात, दिल्ली की सड़कों पर जनता के हित में निरंतर रूप से कार्य करती रही है। यह 'वर्कबुक' एक जीवंत दस्तावेज है, जिसे समय-समय पर अपडेट किया जाता रहेगा ताकि जनता को सरकार की निरंतर प्रगति की जानकारी मिलती रहे।

### वर्कबुक हर विधानसभा में आम जनता तक पहुंचाई जायेगी

उन्होंने यह भी बताया कि अगले 10 दिनों के भीतर यह 'वर्कबुक' दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों और प्रत्येक वार्ड में जनसभाओं के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाई जाएगी, जिससे लोग सरकार के कार्यों से सीधे अवगत हो सकें। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन जनसभाओं में दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद और सांसद जनता को न केवल 100 दिन की प्रगति से अवगत कराएंगे, बल्कि जनता से आगे के लिए सुझाव और योजनाओं पर जानकारी भी लेंगे।




### आज जेएल नेहरू स्टेडियम में होगा भव्य कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यह भी घोषणा की कि 31 मई को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक विशेष भव्य कार्यक्रम के माध्यम से 100 दिनों की उपलब्धियों का संपूर्ण विवरण जनता के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज केंद्र और राज्य सरकार एक साथ मिलकर 'डबल इंजन' की सरकार के रूप में जनता की सेवा कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली को विकसित बनाने की दिशा में हम निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली ने इस चुनाव में जो सबसे बड़ी चीज पाई है, वह है, जनता के लिए काम करने वाली उनकी अपनी सरकार। अब हमारा हर कदम, हर क्षण विकसित दिल्ली, विकसित भारत की दिशा में समर्पित रहेगा।

### हर बच्चे को बेहतर शिक्षा का अधिकार, होंगे सपने साकार

शिक्षा के क्षेत्र पर वर्कबुक में बताया गया है कि पहली बार दिल्ली के स्कूलों में स्कूल फीस रेग्युलेशन बिल लागू करने के लिए कैबिनेट ने मंजूरी दी है। आईटीआई पॉलिटेक्निक में अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों के लिए प्रतिमाह एक हजार तक के स्टाइपेंड का प्रावधान दिया गया। 75 सीएम श्री स्कूल खोलने की योजना पर काम शुरू किया गया। वहीं 125 लाइब्रेरी डिजिटल होंगी। 100 डॉ. अब्दुल कलाम भाषा प्रयोगशालाएं मंजूर की गईं। राष्ट्रनीति कार्यक्रम से बच्चों में जिम्मेदारी बढ़ाई जाएगी। साइंस ऑफ लिविंग से सामाजि और भावनात्मक शिक्षा पर जोर दिया जाएगा।

### आयुष्मान और वय वंदना योजना की लागू

दिल्ली सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ही दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू करने का फैसला लिया। इसमें हर गरीब को 10 लाख का मुफ्त इलाज मिलेगा। वहीं दिल्ली सरकार ने वय वंदना योजना को लागू किया। इस योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के हर बुजुर्ग को 10 लाख रुपए तक इलाज फ्री में मिलेगा। वहीं दिल्ली की सेहत सुधारने के लिए 12 हजार 826 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया गया। 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण की योजना शुरू की गई। सभी सरकारी अस्पतालों में जन औषधि केंद्र बनेंगे। सरकार अस्पतालों में लग रही हैं 300 डायलिसिस मशीनें। इसके साथ ही छह मोबाइल डेंटल वैन रोज कर रही हैं 400 मरीजों का इलाज।

### दिल्ली में अब श्रमयोगी को सही वेतन

दिल्ली सरकार के 100 दिनों पर जारी वर्कबुक में श्रमिकों को लेकर विशेष कदम उठाया गया है। दिल्ली सरकार ने न्यूनतम मजदूरी दर में वृद्धि की। इससे 40 लाख श्रमिकों को लाभ मिला। दिल्ली में सबसे अधिक न्यूनतम मजदूरी दी जा रही है। श्रमिकों एवं राहगीरों के लिए 3 हजार वाटर कूलर लगाने का कार्य शुरू किया गया। महिला श्रमिकों के बच्चों के लिए पालना केंद्र शुरू किए जा रहे हैं। वहीं 5 रुपए में भोजन उपलब्ध कराने के लिए 100 अटल कैंटीन बनाने के लिए 100 करोड़ बजट का प्रावधान किया गया।

### 100 दिन में 100 अंक प्राप्त किए हैं रेखा गुप्ता सरकार ने: बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने रेखा गुप्ता की सरकार के 100 दिन पूरे करने पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 100 दिन में ही कामकाज के कीर्तिमान स्थापित कर दिए हैं और अगले पांच वर्षों में हर वादा पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 100 दिनों में ही भाजपा सरकार ने दिखा दिया है कि वह पूरे 100 अंक प्राप्त करने वाली सरकार है। दिल्ली में प्रदूषण पर काबू पाने के लिए सरकार पूरी तरह सजग है और अब तक उठाए कदमों का असर साफ दिखाई देने लगा है। यमुना की सफाई का बड़ा काम शुरू हो चुका है और अब दिल्लीवाले जल्दी ही यमुना को नाले की जगह पवित्र नदी के रूप में देखेंगे।

### भाजपा की रेखा सरकार ने 100 दिन में किए 10 महापाप, विकास नहीं साबित हुए बदहाली वाले: यादव

**नई दिल्ली।** जहां एक तरफ 100 पूरे होने पर रेखा गुप्ता अपनी सरकार को कामयाब व जन हितैषी करार दे रही है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने इन पहले 100 दिनों को बदहाली वाले बताए है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रेखा सरकार की 10 बड़ी कमियों को गिनाते हुए कहा कि पहले 100 दिन में 10 महापाप किए है। भाजपा सरकार के पहले 100 दिन दिल्ली वालों के लिए पूरी तरह से बदहाली वाले साबित हुए और उम्मीदें ध्वस्त हो गई है। यादव ने राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जमकर रेखा सरकार को घेरा और चुनाव पूर्व किए गए वादों पर सिलसिलेवार घेरा। इस मौके पर यादव के अलावा पूर्व मंत्री हारून यूसुफ, डॉक्टर नरेंद्र नाथ व राजेंद्र पाल गौतम सहित अन्य मौजूद थे। यादव ने निशाना लगाते हुए रेखा सरकार के 10 महापाप गिनाए। जिसमें एक लाख करोड़ के बजट का ऐलान झूठा रहा, दिल्ली वालों की सुरक्षा की बजाए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को जेड-श्रेणी की सुरक्षा दी गई, विधायकों का वेतन बढ़ाने के लिए कमेटी का गठन, डीटीसी की संपत्तियों को बेचने की साजिश, बिजली खरीद में भारी घोटाला, प्रदूषण के आंकड़ों में हेराफेरी, दंगा आरोपी को कैबिनेट मंत्री बनाना, महिलाओं की मुफ्त यात्रा में छेड़छाड़, काम के नाम पर केवल नाम बदलने की राजनीति और गरीबों की रोजी रोटी छीनी और उनके आशियाने उजाड़ना शामिल है। यादव ने कहा कि जिस हरी भरी और स्वस्थ दिल्ली को कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार छोड़कर गई थी उसको पहले केजरीवाल ने अपने कार्यकाल में आईसीयू में पहुंचा दिया था। लेकिन अब भाजपा सरकार ने मात्र 100 दिनों के कार्यकाल में उसे वेंटिलेटर पर पहुंचा दिया है।

### 'आप' सौपेंगी भाजपा सरकार का रिपोर्ट कार्ड सीएम से मिलने का मांगा समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की 100 दिनों की विफलताओं पर आधारित बनाए गए रिपोर्ट कार्ड को आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को सौंपेगी। इस बाबत शुक्रवार को 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिख कर उनसे मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा है कि 'आप' के विधायक एक जिम्मेदार विपक्ष के नाते भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर तैयार किए गए रिपोर्ट कार्ड को आपको सौंपना चाहते हैं। आशा है, हमें जल्द मिलने का समय मिलेगा।

### बरसात से पहले अधूरी सड़कें,नालियां, कचरा और अंधेरा बढ़ा रहा सरकार की चिंता



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सत्ता परिवर्तन के बावजूद लोगों को सुविधाओं का अब भी इंतजार है। इन दिनों पश्चिमी दिल्ली अंतर्गत वार्ड-111, बापरोला के हरफूल विहार और जय विहार की गलियों में हल्की बारिश के बाद ही जलजमाव ने लोगों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। सामाजिक संस्था पंचकोसी के अध्यक्ष सुशील देव ने बताया कि यहां की कई गलियों की हालत इतनी जर्जर है कि पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। कई नालियां या तो पूरी तरह से बंद हैं या पहले से ही कचरे से अटी पड़ी हैं। यदि समय रहते इनकी सफाई नहीं की गई तो आने वाले मानसून के दिनों में स्थिति और बदतर हो सकती है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिनका समय पर निस्तारण नहीं हो रहा। स्ट्रीट लाइटें महीनों से खराब पड़ी है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। कहीं-कहीं सीवर और पीने के पानी को लेकर भी शिकायतें मिल रहीं, लेकिन उनकी किसी भी समस्या का समाधान नहीं दिखाई देता। यहां की जनता में जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली को लेकर बड़ा असंतोष भरा है, जो काफी चिंताजनक है। लोगों का कहना है कि विशेष रूप से 10 नंबर गली, जो हरफूल विहार नाले को कॉलोनी से जोड़ती है और बजरंग चौक तक जाती है, बुरी तरह से प्रभावित है। यह सड़क रोजाना ऑफिस जाने वाले यात्रियों और रिक्शा चालकों के लिए मुख्य मार्ग है, लेकिन अब इसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां चलना तक मुश्किल हो गया है।



चिंतन

# जीडीपी की सुस्ती चिंताजनक विनिर्माण क्षेत्र में करें सुधार

राजकोषीय घाटा का लक्ष्य हसिल करना उल्लेखनीय प्रगति है, पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर में जारी सुस्ती चिंताजनक है। पिछले कुछ समय से भारतीय अर्थव्यवस्था स्टैगनेशन सिंड्रोम की तरफ बढ़ रही है। शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन करने के बावजूद भारत नए निवेश अपेक्षित मात्रा में आकर्षित नहीं कर पा रहा है। सार्वजनिक निवेश में कमी दर्ज की जा रही है, जीडीपी पर इसका असर दिख रहा है। देश में बेरोजगारी दर भी तीन से चार प्रतिशत के बीच है, जो विकसित देशों के आंकड़े के दायरे में ही है, इससे साफ है कि कामकाज के माहौल हैं, इसके बावजूद जीडीपी की नरमी चुनौती पेश कर रही है। सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी के 4.8 प्रतिशत के अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। वित्त वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.63 प्रतिशत था। राजकोषीय घाटे को काबू में रखना सरकार के लिए हमेशा बड़ी चुनौती होती है। विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रही। अब पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर घटकर चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च तिमाही में वृद्धि दर के सुस्त पड़ने से समूचे वित्त वर्ष (2024-25) में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत पर आ गई। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की जीडीपी 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन की जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही है। जीडीपी के मामले में भारत बेशक चीन से आगे हो, लेकिन इसकी लगातार सुस्ती से भारत अपने विकसित भारत के लक्ष्य को लक्षित समय तक नहीं हासिल कर सकेगा। अभी महंगाई दर भी नियंत्रण में है और रिजर्व बैंक ने लगातार दो बाद रेपो दरों में कटौती की, ऐसे में सरकार के पास आर्थिक सुधार के अगले चरण में जाने का मौका है। उद्योग जगत से इस आशय की मांग लगातार की जा रही है। फिक्की, एसोचैम जैसे उद्योग संगठनों ने भी नए आर्थिक सुधार की वकालत की है। भारतीय अर्थव्यवस्था में जल्द ही पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है, अभी आंकड़ों में भारत ने जर्मनी को पछाड़ा है और विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का तमगा हासिल किया है, लेकिन विनिर्माण के क्षेत्र में देश उल्लेखनीय प्रगति नहीं कर पा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश की अर्थव्यवस्था इसके पहले अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में 6.4 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.6 प्रतिशत और अप्रैल-जून तिमाही में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वार्षिक आधार पर वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि दर घटकर 4.5 प्रतिशत रही, जबकि 2023-24 में 12.3 प्रतिशत थी। हालांकि, कृषि क्षेत्र में 2024-25 के दौरान उत्पादन बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 2.7 प्रतिशत था। चौथी तिमाही के दौरान विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन घटकर 4.8 प्रतिशत रह गया जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 11.3 प्रतिशत था। भारत को विनिर्माण क्षेत्र की दिक्कतों को दूर करने की जरूरत है। वैश्विक मैनुफैक्चरिंग का हब बनने के लिए बहुत जरूरी है कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन करे।

# भारत की युगप्रवर्तक महारानी



अहिल्याबाई होल्कर
डॉ. योगिता यशवीर राघव

रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और परोपकारी सोच से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी। आज हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं। अहिल्याबाई का शासनकाल न्याय, पारदर्शिता और प्रजा-हित के लिए इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। आज जब हम नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई का नाम सबसे पहले आना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। आज जब हम बेहतर शासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण की बात करते हैं, तब अहिल्याबाई का जीवन हमें एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वह कहती हैं कि सच्चे नेतृत्व में सत्ता नहीं, सेवा होती है।

भारतीय इतिहास की कालजयी गाथाओं में जो एक नाम नारी नेतृत्व, न्यायप्रिय शासन और लोककल्याण की अद्वितीय मिसाल बनकर चमकता है, वो है रानी अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और परोपकारी सोच से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी। वे केवल एक शासिका नहीं, बल्कि एक युगप्रवर्तक थीं, जिनकी दृष्टि, सेवा भावना और निर्णय क्षमता आज भी हमें प्रेरणा देती हैं। आज हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने न केवल मालवा राज्य को समृद्ध और सुदृढ़ बनाया, बल्कि समूचे भारत में धर्म, संस्कृति और जनकल्याण की अमिट छाप छोड़ी। महान युगप्रवर्तक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती उनके अदम्य साहस, जीवन, मूल्यों, अद्वितीय नेतृत्व, न्यायप्रिय शासन, जनकल्याणकारी कार्यों और समाज कल्याण के प्रति उनके योगदान को आत्मसात व श्रद्धांजलि देने का एक ऐतिहासिक अवसर है।


## एक साधारण जन्म, असाधारण यात्रा

एक साधारण बालिका से महान शासिका तक का सफर 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों से प्रारंभ हुआ, लेकिन उनका धैर्य, विवेक और करुणा उन्हें अपराजेय बना गए। विवाह के बाद जब पति मालवा के शासक खंडेराव होल्कर और ससुर मल्हारराव होल्कर दोनों का निधन हो गया, तब उन्होंने 1767 में मालवा राज्य की बागडोर अपने हाथों में ली। पति और ससुर के निधन के बाद, जब राज्य संकट में था, अहिल्याबाई ने न केवल मालवा राज्य की बागडोर संभाली, बल्कि अपने पराक्रम व कुशलता से उसे एक उन्नत, सुरक्षित और खुशहाल राज्य में परिवर्तित कर दिया। कठिन परिस्थितियों में नेतृत्व संभालते हुए उन्होंने शासन को सुशासन में बदल दिया। 'अहिल्याबाई होल्कर का जीवन केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज कहानी नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए एक अमूल्य प्रेरणा है।'

## सुशासन का स्वर्णिम युग

अहिल्याबाई का शासनकाल न्याय, पारदर्शिता और प्रजा-हित के लिए इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। वे प्रजा को परिवार की तरह मानती थीं। उनके शासन में: कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया, कृषि, व्यापार और शिक्षा को प्रोत्साहन मिला, और सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई। उनका विश्वास था: 'राजा को अपनी प्रजा के सुख-दुख को समझकर निर्णय लेना चाहिए।' यही कारण था कि प्रजा उन्हें 'माँ अहिल्या' कहकर पुकारती थी। उनके निर्णयों में न केवल राजनैतिक बुद्धिमत्ता दिखती थी, बल्कि मानवीय संवेदना भी स्पष्ट रूप से झलकती थी।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण कला, संस्कृति और धर्म के पुनरुद्धार की वाहिका अहिल्याबाई का भारत के निर्माण में अनेक योगदान हैं। वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात का सोमनाथ मंदिर, नासिक का त्र्यंबकेश्वर मंदिर, सभी का जीर्णोद्धार अहिल्याबाई ने ही करवाया। देशभर में धर्मशालाएं, कुएं, घाट, और विश्राम



स्थल बनवाए जो आज भी तीर्थयात्रियों और समाज के लिए उपयोगी हैं।

## महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत

आज जब हम नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई का नाम सबसे पहले आना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। अहिल्याबाई ने समाज में महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के महत्व को समझा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य किया। एक विधवा होकर भी उन्होंने राजकाज को न केवल संभाला, बल्कि उसे उन्नति के पथ पर अग्रसर किया। वे उन विरली शासकों में थीं जिन्होंने स्त्रियों के हित में ठोस नीति बनाई और उसे लागू भी किया।

लोककल्याण और सुशासन का आदर्श : आज के भारत के लिए प्रेरणा अहिल्याबाई का शासन आज के 'सुशासन' (Good Governance) का एक आदर्श मॉडल है। उनकी नीतियाँ और प्रशासनिक दृष्टिकोण आज भी भारत के लिए प्रेरणादायक हैं: उन्होंने जनसुनवाई, न्यायपालिका और सार्वजनिक निर्माण को प्राथमिकता दी। उनका शासन काल सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और प्रशासनिक कुशलता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

## आज की पीढ़ी के लिए संदेश

अहिल्याबाई होल्कर का जीवन केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि एक प्रकाशस्तंभ है, जो हमें न्याय, करुणा और नेतृत्व के गुण सिखाता है। अहिल्याबाई का जीवन हमें सिखाता है कि न्याय, करुणा, और नेतृत्व के बल पर न केवल एक राज्य, बल्कि पूरे समाज को बदलने की क्षमता होती है। उनकी दूरदर्शिता और कार्य हमें यह संदेश देते हैं कि एक व्यक्ति का संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पूरे समाज और राष्ट्र को बदल सकती है। उनकी 300वीं जयंती पर हम सभी को उनके मूल्यों को आत्मसात कर, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेना चाहिए। अहिल्याबाई का जीवन केवल इतिहास की एक कहानी नहीं, बल्कि आज के समय की आवश्यकता है। जब नेतृत्व में नैतिकता और जनहित की भावना खोती जा रही है, तब अहिल्याबाई की कार्यशैली हमें याद दिलाती है कि सच्चे नेता वे होते हैं जो सेवा को धर्म मानते हैं। उनकी 300वीं जयंती पर हमारा कर्तव्य है कि हम उनके जीवन-मूल्यों को अपनाएं—सत्य, सेवा, न्याय और करुणा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी

## भविष्य के लिए प्रेरणा

आज जब हम बेहतर शासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण की बात करते हैं, तब रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हमें एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वह कहती हैं कि सच्चे नेतृत्व में सत्ता नहीं, सेवा होती है। उनकी 300वीं जयंती पर हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। अहिल्याबाई होल्कर की विरासत आज भी जीवंत है, और उनकी शिक्षाएँ भारत को एक न्यायपूर्ण और सशक्त राष्ट्र बनाने की प्रेरणा देती रहेंगी। 'न्याय, करुणा और सुशासन की प्रतीक रानी अहिल्याबाई भारत के लिए केवल एक शासिका नहीं, बल्कि एक आदर्श हैं, जिनकी नीतियां आज भी प्रकाशपुंज बनकर मार्गदर्शन करती हैं।'

(लेखिका अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गुरुग्राम की महानगर अध्यक्ष व के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, सोहना में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
शिवप्रकाश



# लोक कल्याण की प्रणेता अहिल्याबाई होल्कर

किसी भी देश का विकास शासन तंत्र की लोककल्याणकारी नीतियों और उसकी सुशासन व्यवस्था पर निर्भर करता है। भारत का इतिहास ऐसे शासकों की गाथाओं से भरा पड़ा है जिन्होंने अपने देश और अपनी प्रजा के विकास व उत्थान के लिए बहुत कुछ किया। होल्कर राज-परिवार में ऐसा ही एक नाम रहा है पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर का। उनकी कल्याणकारी नीतियां आज भी सरकारों को प्रेरित करती हैं। यह वर्ष उनके जन्म का त्रिशताब्दी वर्ष है। उनके सुशासन, लोक कल्याणकारी नीतियों एवं सांस्कृतिक उत्थान के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका 300 वाँ जयंती वर्ष संपूर्ण देश मना रहा है।

अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को अहमदनगर (अहिल्या नगर) जनपद के चौंडी गांव में हुआ था। भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में 21 मई से 31 मई तक 10 दिवसीय अभियान लोकमाता अहिल्याबाई की स्मृति को समर्पित किया है। महारानी अहिल्याबाई होलकर के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं उनके प्रेरणा प्रद जीवन से प्रेरित माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ग़रीब कल्याण की योजनाओं एवं "विकास से विरासत" के उनके संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का काम भाजपा के कार्यकर्ता कर रहे हैं। बौद्धिक संवाद, प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएँ, मंदिरों व घाटों की स्वच्छता, आरती एवं शोभायात्राओं के माध्यम से यह कार्य संपन्न हो रहा है। राज्यों की सरकारें एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा भी अनेक योजनाओं एवं संस्थाओं का नाम महारानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किया गया है। पश्चिमी विद्वानों ने भारत के संबंध में दुष्प्रचार करते हुए कहा कि "हिन्दू शासन व्यवस्था अराजक थी।" जेम्स मिल ने लिखा था कि "भारत नैतिक रूप से खोखला और स्वार्थी समाज था जो शासन योग्य नहीं था", जबकि पश्चिमी देशों में धर्म के नाम पर भीषण अत्याचार हो रहे थे। तब भारत में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने लोक कल्याणकारी धर्मराज्य की स्थापना की थी ।

भारत में धर्म एक व्यापक कल्पना है, जो आर्थिक एवं नैतिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी को ऋषि कणाद द्वारा वैशेषिक सूत्र में कहा गया है कि : "यतो अभ्युदय निःश्रेयस सिद्धिः स धर्मः" अर्थात जो समाज में अभ्युदय ( भौतिक उन्नति), निश्रेय ( आध्यात्मिक उन्नति) सिखाता है वही धर्म है। भारत में धर्म के आधार पर चलने वाले शासन को ही आदर्श शासन माना गया है, जिसमें सभी सुखी एवं निरोगी हो। ऐसा योग्य शासन प्रभु श्री राम ने दिया, रामराज्य के इसी आदर्श का पालन करने का प्रयास सम्राट विक्रमादित्य, राजा भोज, सम्राट हर्षवर्धन जैसे अनेक राजाओं ने किया। विदेशी आक्रमणों के समय इन्हीं मूल्यों की रक्षा करने के लिए महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज सरीखे शासनकर्ताओं ने अपने प्राण को न्योछावर कर दिया। 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई भी इन्हीं शाश्वत मूल्यों का पालन करने वाली महारानी थी। अहिल्याबाई ने अपने ससुर की मृत्यु के पश्चात 1767 में मालवा राज्य का शासन संभाला। नर्मदा के प्रति भक्ति, व्यावसायिक एवं सामरिकता से उन्होंने अपनी राजधानी नर्मदा के तट पर महेश्वर को बनाया। 28 वर्ष उन्होंने अपनी मृत्यु पर्यन्त यह शासन सत्ता संभाली। किसानों के विकास की योजनाएं, भूमिहीन किसानों को भूमि प्रदान करना, जनजातीय विकास, अपने शासन को अपराध मुक्त करना, रोजगारपरक अर्थनीति, महिला सशक्तिकरण उसके लिए महेश्वरी साड़ी का निर्माण एवं सैनिक कल्याण उनके शासन की विशेषताएँ थीं। 500 महिलाओं की सैनिक टुकड़ी का निर्माण कर एक महिला फौज भी उन्होंने तैयार की थी। महेश्वर साड़ी आज भी उनकी महिला केंद्रित उद्योग नीति को दर्शाती है। प्रजा के प्रति वात्सल्य भाव के कारण उन्हें जनता ने लोकमाता की उपाधि प्रदान की थी। अपने राज्य की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ भारत के सांस्कृतिक उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी धाम, सभी ज्योतिर्लिंग, समस्त शक्ति पीठ सहित असंख्य मंदिरों का निर्माण, नदियों के घाटों का निर्माण, यात्रियों के रुकने के लिए धर्मशालाओं की व्यवस्था यह उनके द्वारा होने वाले अतुलनीय कार्यों की श्रृंखला है। हिमालय में स्थित बद्रीनाथ, केदारनाथ, काशी स्थित भगवान श्री विश्वनाथ, सोमनाथ,द्वारिका, पुरी जगन्नाथ, रामेश्वरम, सभी के पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका है। देशभर में उनके द्वारा कराए गए इन कार्यों की संख्या लगभग 12500 से अधिक है । इसका भी वैशिष्ट्य है कि यह कार्य उनको प्राप्त स्वयं की सम्पत्ति से कराया, राजकोष से नहीं।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# स्वयं को भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान है



संकलित
दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं।

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पांचवें गुरु अर्जुन देव को नमन

गुरु परंपरा की महिमा अपार है और भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत पूज्य माना गया है। इसी गौरवशाली परंपरा में सिख धर्म के पंचम गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी का स्थान विशिष्ट है, जिन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से संपूर्ण मानव जाति को सत्य, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया। गुरु अर्जुन देव न केवल धार्मिक संत थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक, कुशल संगठक और ज्ञान के अद्वितीय स्रोत भी थे। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों से समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मानवता की सर्वोच्चता को महत्व दिया। गुरु अर्जुन देव का जीवन शांति, सेवा और ज्ञान के आदर्शों से ओतप्रोत था। - **प्रतीक सिंह**, राजनांदगांव

# जयंती : इतिहास की विलक्षण दीपशिखा थी अहिल्याबाई

राजनीति को सेवा, धर्म को लोक कल्याण और न्याय को करूणा का स्वरूप देने वाली तथा नारी होकर भी दक्ष प्रशासन देने वाली महारानी अहिल्याबाई होल्कर एक ऐतिहासिक महिला थी। समाज में धर्म, संस्कृति, शिक्षा, सेवा और मानवीयता के लिए उनका योगदान अतुलनीय हैं। अहिल्याबाई होल्कर एक आध्यात्मिक और नैतिक क्रांति की अद्भुत मिसाल है। यू तो भारत का इतिहास नारी शक्ति के शौर्य, वीरता एवं त्याग से भरा पड़ा है, महारानी लक्ष्मीबाई से लेकर रानी दुर्गावती तक की वीर गाथायें प्रेरणादायी हैं। भारत की नारी को जब जब प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला तब तब उसने उम्मीद से दुगुना परिणाम दिया है। वास्तव में पुरूष प्रधान इस देश में नारी सदैव सबल, प्रबल एवं कुशल रहीं हैं।



अशोक बजाज
(पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर)

महारानी अहिल्याबाई ने प्रतिकूलता के बावजूद समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। उसका जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी नामक छोटे से गाँव में एक किसान परिवार में हुआ था। उनके पिता मनकोजी शिंदे गांव के पाटिल थे। अहिल्याबाई का व्यक्तित्व ऐसा था कि जब इंदौर के महाराजा मल्हारराव होल्कर ने उन्हें देखा तो उनकी सरलता बुद्धिमत्ता और व्यवहार कुशलता से प्रभावित होकर उनके पिता मनकोजी शिंदे से अपने इकलौते पुत्र खंडेराव से शादी का प्रस्ताव रखा। दोनों परिवारों की सहमति से राजकुमार खंडेराव की शादी अहिल्याबाई से हो गई। विवाह के बाद उन्होंने जीवन के कठिन संघर्षों को सहन करते हुए भी अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाया। दुर्भाग्य से शादी के कुछ वर्षों बाद ही खंडेराव की मृत्यु हो गई और फिर ससुर महाराज मल्हारराव भी चल बसे, इसके बाद राज्य की बागडोर संभालने का दायित्व अहिल्याबाई पर आ पड़ा एक महिला वह भी विधवा का उस कालखंड में शासन करना न केवल कठिन बल्कि समाज की दृष्टि से अस्वीकार्य भी था परंतु अहिल्याबाई ने अपने अदम्य साहस और विवेक से यह साबित कर दिया कि भारत की नारी भी पुरुषों की तरह सक्षम नेतृत्व प्रदान कर सकती है। युद्ध हो या अन्य कोई चुनौती पूरे हिम्मत के साथ वह कर्तव्य पथ पर डटी रही उन्होंने जितने युद्ध लड़े सभी में दुश्मनों के छक्के छुड़ाए। महारानी अहिल्याबाई ने मालवा की राजधानी महेश्वर को एक सांस्कृतिक, व्यापारिक और न्यायप्रिय नगरी बना दिया, उनके शासन में प्रजा की आवाज़ सीधे रानी तक पहुंचती थी तथा वह प्रतिदिन जनता के बीच बैठकर न्याय करती थीं। उनके दरबार में विद्वानों, कलाकारों और साधुओं को सदैव उचित सम्मान और संरक्षण मिलता था।उन्होंने कृषि, व्यापार और उद्योग को प्रोत्साहित किया। साथ ही साथ शासन की कर-प्रणाली को पारदर्शी और सरल बनाया, उन्होंने स्त्री सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी न्यायप्रियता ऐसी थी कि वह अपने निकट संबंधियों को भी दोषी पाए जाने पर दंडित करने में नहीं हिचकती थी, वह अपनी प्रजा के लिए ममतामयी माँ थी तथा उनकी देखभाल शासिका के तौर पर नहीं बल्कि माता के समान करती थी इसीलिए लोग उन्हें "लोकमाता" शब्द से संबोधित करते थे।

## करंट अफेयर

# भारत शांति रक्षा का बेहद महत्वपूर्ण समर्थक : संरा

संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष शांति रक्षक अधिकारी ने कहा है कि भारत शांति रक्षा का एक महत्वपूर्ण समर्थक है, जिसमें शांति रक्षकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रयासों में उसकी अग्रणी भूमिका भी शामिल है। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के अवर महासचिव ज्यां-पियरे लैक्रोइक्स की यह टिप्पणी बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक मीडिया सत्र के दौरान आई। वह 24-25 फरवरी को भारत द्वारा आयोजित महिला शांति सैनिकों के पहले सम्मेलन में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली आए थे। लैक्रोइक्स ने सम्मेलन और उसके बारे में उनके आकलन के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा, "हां, मैं वास्तव में नयी दिल्ली और उस सम्मेलन में जाना चाहता था।" लैक्रोइक्स ने कहा, "सबसे पहले, क्योंकि भारत सेना और पुलिस का बहुत महत्वपूर्ण योगदान देने वाला देश है। यह शांति रक्षा का भी एक बहुत महत्वपूर्ण समर्थक है, भारत के पुरुषों और महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान के अलावा, विभिन्न प्रयासों का समर्थन करने के मामले में भी। मैं विशेष रूप से इस बारे में सोच रहा हूं, लेकिन शांति सैनिकों के खिलाफ अपराध की जवाबदेही पर भारत की ओर से दिए गए नेतृत्व के कई अन्य उदाहरण भी हैं।"



## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द

आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है : ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है : एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल।राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग-अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग-अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं, और तीन कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण को रोकने के लिए राइबोसोम को संकेत देते हैं।



# बॉर्डर से सटे गांव चक्रोही में शिवराज सिंह सिंह ने किसानों से किया संवाद, खेत व नर्सरी फार्म देखे

**कहा, वैज्ञानिक गांव-गांव आ रहे हैं, किसान उनसे संवाद करें और सवाल पूछें**

**महिला किसानों औरउद्यमियों से किया संवाद, ड्रोन कर्मियों से भी की चर्चा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंद्रह दिन चलने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को जम्मू पहुंचे, जहां वे आरएस पुरा सेक्टर में पदयात्रा में शामिल हुए, वहीं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के साथ तिरंगा यात्रा के साथ किसानों व वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही, उन्होंने महिला किसानों और महिला उद्यमियों से संवाद किया और ड्रोन कर्मियों से भी सीधी चर्चा की। शिवराज सिंह ने जम्मू में बॉर्डर से सटे एक किलोमीटर दूरी पर स्थित गांव चक्रोही में भी किसानों से संवाद किया और उनके खेत और नर्सरी फार्म देखने के साथ ही उनसे विस्तार से खेती की जानकारी ली।



चौहान ने कहा कि पहलगाम की घटना मानवता पर कलंक है। इसलिए, जिन्होंने हमारी बेटियों की मांग का सिंदूर पोंछा, हमारी सेना ने उनके आतंक के अड्डे तबाह और बर्बाद कर दिए, तीन दिन में पाकिस्तान घुटनों पर आ गया, वो गोली चलाएंगे तो हम गोला चलाएंगे। भारत ने पाक पर पहले हमला नहीं किया, हमने नागरिकों व उनकी सेना पर भी हमला नहीं किया। सिंह ने किसानों से कहा कि अभियान में वैज्ञानिक गांव आ रहे हैं, किसानों से आग्रह है कि वे वैज्ञानिकों के साथ संवाद करें, सवाल पूछें। ये संवाद हमारे कृषि उत्पादन को और बढ़ाएगा। उत्पादन बढ़ेगा तो मुनाफा बढ़ेगा, हमें उत्पादन बढ़ाना है, लागत घटाना है, उत्पादन के ठीक दाम देना है। वैज्ञानिकों से कहा कि किसान से पूछकर रिसर्च करना चाहिए ताकि वे किसानों के सीधे काम आएं। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के फायदे के लिए एमएसपी दे ही रही, किसानों को कम ब्याज पर लोन भी दिया जा रहा है। किसान सब योजनाओं का लाभ लें। नुकसान होने पर भरपाई, कृषि का विविधीकरण जैसे अहम कदम उठाए गए हैं। वे बोले- हम सब मिलकर देश को आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कई तरह की फसलें हैं, ये धरती सोना उगलती है। यहां का सेब दुनिया में धूम मचाता है। इनकी वैरायटी और कैसे अलग-अलग बनें, क्वालिटी और सुधरे, उत्पादन ज्यादा कैसे हो, ये सब वैज्ञानिक किसानों को बताएंगे। इनसे सीखिए, जरूरत पड़े तो इन्हें सिखाइए भी। दोनों साथ बैठेंगे, तब काम चलेगा। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार, जम्मू के जुगलकिशोर शर्मा, क्षेत्र के विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि, केंद्रीय बागवानी आयुक्त डा. प्रभात कुमार, आईसीएआर के उप महानिदेशक (कृषि प्रसार) डा. राजबीर सिंह, सहित केंद्र व राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी-वैज्ञानिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जम्मू व आसपास के किसान मौजूद थे।

# देश की जीडीपी अनुमान से काफी कम अर्थव्यवस्था पर जयराम ने उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने हाल ही में भारत की आर्थिक स्थिति, विशेष रूप से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में कमी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

ये आंकड़े जुलाई-सितंबर 2024 की तिमाही के लिए हैं, जिनमें जीडीपी वृद्धि दर 5.4 फीसदी रही, जो अनुमान से काफी कम है और पिछले कई वर्षों में सबसे निचले स्तरों में से एक है। जयराम ने एक्स पर पोस्ट में जीडीपी आंकड़ों का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। रमेश ने कहा कि जुलाई-सितंबर 2024 की तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर केवल 5.4 फीसदी रही, जो विभिन्न अनुमानों (जैसे रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और अन्य अर्थशास्त्रियों के 6.5 फीसदी से अधिक) के अनुमानों से काफी कम है। उन्होंने इसे परेशान करने वाला और अनुमान से कहीं अधिक खराब बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मंदी दर्शाती है कि भारत का आर्थिक विकास धीमा हो रहा है, और सरकार इस पर ध्यान देने के बजाय प्रचार और प्रसार में व्यस्त है।

जयराम रमेश ने तिमाही आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि निजी निवेश में सुस्ती बनी हुई है। खपत में केवल 6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो आर्थिक गतिविधियों के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि लोग लंबी अवधि के लिए निवेश करने से बच रहे हैं, जिसके कारण मध्यम और दीर्घकालिक आर्थिक क्षमता में तेजी से गिरावट देखी जा रही है। रमेश ने जीडीपी वृद्धि में कमी का मूल कारण देश में मजदूरों की वास्तविक मजदूरी में पिछले एक दशक से ठहराव को बताया। उन्होंने कहा कि करोड़ों श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, जिसके कारण लोगों की क्रय-शक्ति कम हुई है और निजी खपत प्रभावित हुई है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब लोगों की आय नहीं बढ़ रही, तो आर्थिक विकास कैसे संभव होगा?

## पीएम पर कसा तंज

जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि वह आर्थिक मंदी को संबोधित करने के बजाय हाइप बनाने में लगे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 2014 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुपए के अवमूल्यन के खिलाफ अभियान चलाया था, लेकिन अब स्थिति और खराब हो चुकी है। एक अन्य पोस्ट में, रमेश ने रुपए के गिरते मूल्य पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के सत्तारूढ़ होने तक 16 मई, 2014 को रुपया 58.58 प्रति डॉलर था, जो अब 85.27 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने इसे एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा करार दिया और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया।

# असम में विस चुनाव हैं अगले साल, लेकिन कांग्रेस ने अभी से लगाया जोर, जुटे नेता, बनी रणनीति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



असम में हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कैसे, किन किन मुद्दों पर घेरना है, कौन कौन नेताओं की क्या क्या जिम्मेदारियां होंगी इस पर 'जीरो इन' करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष लोकसभा के सांसद गौरव गोगोई के नेतृत्व में प्रदेश संगठन के प्रमुख नेताओं के साथ पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल, प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने इंदिरा भवन में माथापच्ची की। मुख्य उद्देश्य था अगले साल असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचान का रास्ता बनाना। असम में विधानसभा का कार्यकाल 20 मई 2026 तक है। भाजपा 2016 से सत्ता में है। इस बार सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत लगा रही है। असम में भाजपा सरकार, सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार, माफियागीरी और सिंडिकेट चलाने के आरोपों को प्रमुख मुद्दा बनाने की योजना बनी। कांग्रेस ने चाय बागान श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी, बेरोजगारी, और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को उठाने की रणनीति बनाई।

## अनुशासनहीनता करने वाले होंगे पार्टी से बाहर

राहुल ने नेताओं को अनुशासन बनाए रखने की सख्त हिदायत दी। कुछ नेताओं ने शिकायत की थी कि हिमंत बिस्वा सरमा के संपर्क में हैं, जिसे पार्टी आलाकमान ने गंभीरता से लिया। राहुल गांधी ने प्रभारी जितेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि अनुशासन तोड़ने वाले नेताओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए। नए परिसीमन के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखकर अधिक मेहनत करने पर जोर दिया गया, विशेष रूप से मुस्लिम बहुल सीटों की संख्या कम होने के कारण। बैठक में मार्च 2026 से जमीनी स्तर पर जनसंपर्क अभियान शुरू करने का फैसला लिया गया। इस अभियान के तहत भाजपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, और प्रियंका गांधी के असम दौरे और रैलियों की योजना भी बनाई गई।

## महाराष्ट्र चुनाव से अनुभव से होगी तैयारी

गोगोई के नेतृत्व में नई असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। गौरव को हाल ही में भूपेन कुमार बोरा की जगह प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और उनके साथ 3 कार्यकारी अध्यक्ष, जाकिर हुसैन, रोजलीना तिर्की, प्रदीप सरकार तथा विभिन्न समितियों के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। खरगे ने कहा असम की जनता भ्रष्टाचार और नफरत की राजनीति को नकार रही है। कांग्रेस को इस अवसर का लाभ लेकर विश्वास जीतना होगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से सबक लेते हुए कांग्रेस ने वोटर लिस्ट में हेरफेर पर नजर रखने और बूथ स्तर पर बेहतर प्रबंधन की रणनीति बनाई।




## सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वालों के हितों की रक्षा होगी

# गोल्ड लोन के नए नियमों से छोटे ग्राहक होंगे बाहर, दो लाख रुपए तक मिलेगी छूट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के, सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वालों के हितों की रक्षा के लिए विवेकपूर्ण मानदंडों और तौर-तरीकों से संबंधित दिशानिर्देशों पर गौर किया और दो लाख रुपये तक के छोटे कर्जदारों को प्रस्तावित नियमों के प्रावधानों से बाहर रखने का सुझाव दिया है।

तमिलनाडु में राजनीतिक दलों के एक वर्ग की ओर से इसको लेकर जारी विरोध के बीच यह फैसला किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इन दिशानिर्देशों का मसौदा नौ अप्रैल को जारी किया था। इसमें ऋणदाताओं से ऐसे ऋण साधनों से संबंधित दस्तावेजों को लेकर समानता बरतने का आग्रह किया गया है।

- छोटे कर्जदारों को प्रस्तावित नियमों के प्रावधानों से बाहर रखा गया
- तमिलनाडु के राजनीतिक दलों के विरोध के बीच लिया फैसला
- नया मसौदा 1 जनवरी 2026 से लागू किया जाएगा



### आभूषण की शुद्धता मानकीकृत होनी चाहिए

आरबीआई ने मसौदा में कहा था कि ऋणदाताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गिरवी रखने जाने वाले स्वर्ण आभूषण की शुद्धता, उसके वजन (सकल और शुद्ध) आदि की जांच के लिए एक मानकीकृत प्रक्रिया अपनाई जाए और यह प्रक्रिया ऋणदाता की सभी शाखाओं में एकसमान रूप से अपनाई जाए।

### वित्त मंत्रालय ने एक्स पर दी जानकारी

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि आरबीआई द्वारा सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वालों की हितों की रक्षा करने के लिए जारी मसौदा निर्देशों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मार्गदर्शन में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने गौर किया।

### छोटे ऋण लेने वालों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े

डीएफएस ने केंद्रीय बैंक को सुझाव दिए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे स्वर्ण ऋण उधारकर्ताओं की आवश्यकताओं पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। मंत्रालय ने बताया कि डीएफएस ने यह भी कहा है कि ऐसे दिशानिर्देशों को क्षेत्रीय स्तर पर लागू करने के लिए समय की आवश्यकता होगी और इसलिए इन्हें एक जनवरी 2026 से ही लागू करना उपयुक्त हो सकता है।

*स्टालिन ने प्रस्तावों पर पुनर्विचार के लिए कहा : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर भारतीय रिजर्व बैंक को नए दिशा-निर्देशों में प्रस्तावित प्रतिबंधों पर पुनर्विचार करने की सलाह देने का आग्रह किया।*

*छोटे कर्जदारों को शीघ्र ऋण वितरण हो : इसमें कहा गया, "डीएफएस ने सुझाव दिया है कि दो लाख रुपये से कम के छोटे कर्जदारों को इन प्रस्तावित निर्देशों की शर्तों से बाहर रखा जा सकता है, ताकि ऐसे छोटे कर्जदारों को समय पर और शीघ्र ऋण वितरण सुनिश्चित किया जा सके।"*

### दस्तावेज मानकीकृत होना चाहिए

नीति के तहत निर्धारित सभी प्रक्रियाओं का विवरण ग्राहकों की जानकारी के लिए ऋणदाताओं की वेबसाइट पर जारी किए जाएं। मसौदे के अनुसार, ऋणदाता की सभी शाखाओं में दस्तावेजीकरण मानकीकृत होना चाहिए।

### नोटिस अवधि का विवरण शामिल होना चाहिए

ऋण समझौते में प्रतिभूति के रूप में लिए गए स्वर्ण आभूषण का विवरण, उसका मूल्य, नीलामी प्रक्रिया का विवरण और उसकी नीलामी के लिए परिस्थितियां, नीलामी आयोजित होने से पहले ऋण के पुनर्भुगतान/निपटान के लिए उधारकर्ता को दी जाने वाली नोटिस अवधि का विवरण शामिल होना चाहिए।

## खाद्य लेबल पर '100 प्रतिशत' शब्द का इस्तेमाल रोके : फसाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य उत्पादों के लेबल पर '100 प्रतिशत' शब्द के इस्तेमाल को लेकर सख्त परामर्श जारी करते हुए कहा है कि इससे उपभोक्ताओं के गुमराह होने की आशंका होती है। शीर्ष खाद्य नियामक ने एक बयान में कहा कि उसने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को खाद्य लेबल, पैकेजिंग और प्रचार सामग्री पर '100 प्रतिशत' शब्द के इस्तेमाल से परहेज करने को कहा है। इसकी वजह यह है कि यह शब्दावली अस्पष्ट है और इससे मौजूदा नियामकीय प्रावधानों के भीतर गलत व्याख्या की आशंका बनी रहती है। एफएसएसएआई ने बृहस्पतिवार को जारी सलाह में खाद्य उत्पादों के लेबल और प्रचार मंचों पर '100 प्रतिशत' शब्द के इस्तेमाल में धड़ल्ले से हो रही बढ़ोतरी को उजागर किया। प्राधिकरण ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी शब्दावली न केवल मौजूदा नियमों के तहत अपरिभाषित है,

fssai Food Safety and Standards Authority of India

- उपभोक्ताओं के गुमराह होने की आशंका होती है
- खाद्य लेबल, पैकेजिंग व प्रचार सामग्री इस्तेमाल से परहेज करे

बल्कि भ्रामक भी है और उपभोक्ताओं के बीच गलत धारणा पैदा कर सकती है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक (विज्ञापन एवं दावे) विनियम, 2018 के मुताबिक, '100 प्रतिशत' शब्द को एफएसएस अधिनियम, 2006 या उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के तहत किसी भी तरीके से परिभाषित या संदर्भित नहीं किया गया है। इन विनियमों के उप-विनियमन 10(7) में किसी भी ऐसे विज्ञापन या दावे को सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है जो अन्य विनिर्माताओं को कमतर आंकता है या भ्रामक तरीके से उपभोक्ता की धारणा को प्रभावित करता है।

### खाद्य लेबलिंग में पारदर्शिता बरते

इन चिंताओं को देखते हुए खाद्य व्यवसाय से जुड़ी सभी कंपनियों को खाद्य उत्पाद लेबल, पैकेजिंग और किसी भी तरह की प्रचार सामग्री पर '100 प्रतिशत' शब्द का उपयोग न करने की सलाह दी गई है। एफएसएसएआई ने कहा कि वह उपभोक्ता हितों की रक्षा और सूचना-आधारित विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए खाद्य लेबलिंग में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है।

## सेबी ने एफएंडओ एक्सपायरी के बदले नियम, निवेशकों को मिलेगी सुरक्षा

**नई दिल्ली।** भारतीय डेरिवेटिव्स मार्केट में एक महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा हुई है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने इक्विटी डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी को मंगलवार या गुरुवार तक सीमित करने का निर्णय लिया है। यह कदम मार्केट में स्थिरता लाने, निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और एक्सपायरी डे की अत्यधिक वोलैटिलिटी को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सेबी ने 27 मार्च 2025 को एक कंसल्टेशन पेपर जारी किया, जिसमें प्रस्ताव दिया गया कि फिक्स्ड डे एक्सपायरी होनी चाहिए। इस नियम को 26 मई 2025 को जारी एक सर्कुलर के माध्यम से लागू किया गया। इसके तहत, प्रत्येक स्टॉक एक्सचेंज को अपने साप्ताहिक बेंचमार्क इंडेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट के लिए मंगलवार या गुरुवार में से एक डे चुनना होगा।

**NOTICE**

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT (ORDER V, RULE 20 of the Code of Civil Procedure)
IN THE COURT OF SH. SURINDER S. RATHI, LD. DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT)-11, CENTRAL DISTRICT, ROOM NO. 310, TIS HAZARI COURT, DELHI
CASE NO. CS(COMM)/435/2024
M/S UMESH YARN AGENCIES VS M/S MEENAKSHI CREATION
DATE OF ORDER 03.04.2025
DATE OF FILING OF P.F 09.04.2025
DATE OF ISSUE 17.04.2025
NO. OF ANNEXED DOCUMENTS
NEXT DATE OF HEARING 02.06.2025
NO. OF PROCESS
Extn Tis Hazari Court, Delhi
DATE OF RETURN
MEENAKSHI CREATION THROUGH MR. LALLAN YADAV, PROPRIETOR
AT: D-184, SECTOR-55, NOIDA-201301
ALSO AT: E-27, SECTOR-63, GAUTAM BUDH NAGAR NOIDA-201309, UTTAR PRADESH
ALSO AT: C-37, 2 FLOOR, SEECTOR-65, NOIDA-201301
ALSO AT: C-198, SECTOR-63, NOIDA-201301

WHEREAS the Plaintiff has instituted a suit relating to a commercial dispute against you and you are hereby summoned to file a written statement within 30 days of the service of the present summons and in case you fail to file the written statement within the said period of 30 days, you shall be allowed to file the written statement on such other day, as may be specified by the Court, for reasons to be recorded in writing and on payment of such costs as the Court deems fit, but which shall not be later than 120 days from the date of service of summons. On expiry of one hundred and twenty days from the date of service of summons, you shall forfeit the right to file the written statement and the Court shall not allow the written statement to be taken on record. You are required to appear in this Court in person, or by a pleader duly instructed, and able to answer all material questions relating to suit, or who shall be accompanied by some person able to answer all such questions, on 02.06.2025 in the forenoon, to answer the claim; and further you are hereby directed to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter-claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence or claim for set-off, or counter-claim you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.

Take notice that, in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence. Given under my hand and the seal of the Court, on this 17.04.2025

Sd/- जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक) JUDGE District Jomercia केन्द्रीय दिल्ली Central Delhi

## सोना में 100 रुपए की तेजी, चांदी रही स्थिर

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मांग बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इसके अलावा चांदी की कीमतें लगातार दूसरे सत्र में 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 21.91 डॉलर प्रति औंस यानी 0.66 प्रतिशत घटकर 3,295.82 डॉलर प्रति औंस रह गया।

**सूचना**


सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कमजोर संकेतों से शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स 182 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में गिरावट और अमेरिकी जवाबी शुल्कों को अपीलीय अदालत द्वारा अस्थायी रूप से बहाल किए जाने से शुक्रवार को एशियाई बाजारों में सुस्ती रही जिसके असर में स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था के जीडीपी आंकड़े आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से भी बाजार एक दायरे में बना रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 182.01 अंक की गिरावट के साथ 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 82.90 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"बाजार में सीमित दायरे



- जवाबी शुल्क बहाल होने से एशियाई बाजारों में रही सुस्ती
- जीडीपी के आंकड़े आने से पहले बाजार एक दायरे में रहा

में उतार-चढ़ाव जारी रहा। ट्रंप प्रशासन की तरफ से लगाए गए जवाबी सीमा शुल्क को अमेरिकी अपीलीय अदालत द्वारा अस्थायी रूप से बहाल किए जाने से अनिश्चितता फैली और निवेशकों को दूर रहने के लिए प्रभावित किया।/"

*इंफोसिस और नेस्ले में रही गिरावट : सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से 24 गिरावट के साथ बंद हुईं। सर्वाधिक 1.73 प्रतिशत गिरावट टेक महिंद्रा में दर्ज की गई जबकि एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इन्फोसिस, नेस्ले, सन फार्मा और टाटा स्टील के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए।*

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.992 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त सप्ताह में 6.99 अरब डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके पहले 16 मई को समाप्त हुए सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.89 अरब डॉलर घटकर 685.73 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां



- विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 692.72 अरब डॉलर

45.16 लाख डॉलर बढ़कर 586.17 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

*आईएमएफ में भी भारत का भंडार बढ़ा*

*केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी तीन करोड़ डॉलर बढ़कर 4.40 अरब डॉलर हो गया।*

### कोका-कोला को अरब डॉलर ब्रांड में शामिल होने की उम्मीद

**मुंबई।** प्रमुख वैश्विक पेय पदार्थ कंपनी कोका-कोला कंपनी को उम्मीद है कि भारत सहित अन्य बाजारों से और अधिक ब्रांड अरब डॉलर के क्लब में शामिल होंगे। कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) हेनरिक ब्राउन ने यह बात कही।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या :- CPM-DLI-NIT-22-2025-26 दिनांक 30.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ-टेंडर के माध्यम से निविदाए आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | N.I.T. No. | CPM-DLI-NIT-22-2025-26 |
| 2 | कार्य का नाम | दिल्ली शाहदरा और सब्जी मंडी पर 03 रिले हटों का निर्माण, साथ ही सब्जी मंडी, दिल्ली शाहदरा और शकूरबस्ती रेलवे स्टेशनों पर अन्य विविध हेतु कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 1,41,06,868.33/- |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 2,20,500/- |
| 5 | समापन अवधि | 06 महीने |
| 6 | बिडिंग प्रणाली | एक पैकेट प्रणाली |
| 7 | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 23.06.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 23.06.2025 को 15:00 बजे |
| 8 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

1618/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मुथूट फॉरेक्स और थॉमस कुक का अभिनव सह-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड लॉन्च

**नई दिल्ली।** मुथूट समूह थॉमस कुक के सहयोग से अपने सह-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड, मुथूट फॉरेक्स ट्रैवल कार्ड के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित है। आधिकारिक लॉन्च समारोह नई दिल्ली में एम.जी.जॉर्ज मुथूट टावर्स में आयोजित किया गया, जो अपने ग्राहकों को अभिनव वित्तीय समाधान प्रदान करने की कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। ट्रैवल फाइनेंस में एक नया युग- सह-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड को अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो कई तरह के लाभ और सुविधाएँ प्रदान करता है जो इसे दुनिया भर में घूमने वालों के लिए एक अपरिहार्य साथी बनाते हैं। 12 अलग-अलग मुद्राओं को लोड करने की क्षमता, कई रीलोड विकल्पों और आसान नकदीकरण सुविधाओं के साथ, कार्ड लोगों के अपने यात्रा फंड को प्रबंधित करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है।

## पिछले एक दशक में 17 करोड़ रोजगार के अवसर हुए पैदा

- केंद्रीय श्रम मंत्री मांडविया ने सीआईआई के सम्मेलन में कहा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पिछले एक दशक में 17 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए हैं जबकि इससे पहले के दशक में सिर्फ 4.5 करोड़ रोजगार अवसर ही सृजित हुए थे। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा वर्ष 2014 में सत्ता में आई थी और उसके पहले 2004 से 2014 तक कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन की सरकार थी। मांडविया में उद्योग मंडल सीआईआई के 'वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत है, जो विकसित दुनिया के आसपास है। मांडविया ने कहा कि इसका मतलब देश में रोजगार उपलब्ध है क्योंकि भारत अब एक निवेश गंतव्य बन चुका है। मंत्री ने कहा, /"पिछले एक दशक में भारत में 17 करोड़ रोजगार के अवसर खुले। इससे पहले के दशक में 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा हुई थीं।/"

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रॉमिस पुत्र ओनेइसे निवासी मकान नं. 103, ओल्ड लागोस असाबा रोड (नाइजीरिया)** ने केस एफआईआर नं. **543/2015, अंतर्गत धारा 468/471 आईपीसी एवं 14 विदेशी अधिनियम, थाना नेब सराये, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रॉमिस** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रॉमिस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **543/2015, अंतर्गत धारा 468/471 आईपीसी एवं 14 विदेशी अधिनियम, थाना नेब सराये, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रॉमिस** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री निधि सिंह**
महानगर दण्डाधिकारी-03 (दक्षिण)
कमरा संख्या 212, दक्षिण-पूर्व जिला
साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/6625/SD/2025**
**(Court Matter)**

## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## मलाबार समूह ने सीएसआर पहलों के तहत आवंटित किए 150 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ।** अग्रणी व्यापारिक समूह एवं मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की मूल कंपनी मलाबार समूह ने 2025-26 में अपनी सीएसआर पहलों को आगे बढ़ाने के लिए 50 करोड़ रुपए आवंटित किए. हैं। ये पहलें स्वास्थ्य, शिक्षा, भूख एवं गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और वंचितों के लिए आवास पर केंद्रित हैं। समूह ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'हंगर फ्री वर्ल्ड ' के तहत भारत और जाम्बिया में वंचितों को प्रतिदिन 70 हजार भोजन वितरित करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस तरह 2025- 26 में कुल 2.50 करोड़ भोजन बांटे जाएंगे। यह पिछले 3 सालों में बांटे गए 2.5 करोड़ भोजन की अब तक की पूरी उपलब्धि से एक बड़ी छलांग है। यह पहल सुखी राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल 2 - 'हंगर' के अनुरूप है। 'सीएसआर कार्यक्रमों के अगले चरण का ' नीति आयोग के पूर्व सीईओ एवं जी-20 शेरपा डॉ अमिताभ कांत ने नई दिल्ली के जनपथ स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में समूह के सीएसआर कार्यक्रमों के तहत अनावरण किया।

## स्वदेशी एआई फाउंडेशन मॉडल बनाने टीम का चयन


**नई दिल्ली।** भारत ने कृत्रिम मेधा (एआई) के स्वदेशी फाउंडेशन मॉडल के निर्माण के लिए सर्वम एआई के बाद शुक्रवार को तीन और टीम- सॉकेट एआई, गण एआई एवं ज्ञानी एआई का चयन किया। अपनी वैश्विक एआई महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप भारत ने 16,000 अतिरिक्त जीपीयू (ग्राफिक्स प्रसंस्करण इकाई) की उपलब्धता की भी घोषणा की। इसके साथ ही स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के लिए यहां उपलब्ध 'कंप्यूट' सुविधा 34,000 जीपीयू तक पहुंच जाएगी। भारत ने स्वदेशी स्तर पर एआई मॉडल के विकास की एक व्यापक योजना बनाई हुई है जिसमें उन्नत एआई बुनियादी ढांचे और स्थानीय भाषा मॉडल का विकास भी शामिल है। वहीं 'ज्ञानी एआई' 14 अरब मानदंडों वाला आवाज-आधारित एआई फाउंडेशन मॉडल बनाएगा जो उन्नत तार्किक क्षमताओं के साथ वास्तविक समय में बहुभाषी भाषण प्रसंस्करण करेगा।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड (मेगा फूड पार्क रोहतक) | लीजिंग आउट वेयरहाउस : इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप, रोहतक, हरियाणा में मेगा फूड पार्क में वेयरहाउस के लीजिंग आउट हेतु ई-निविदा | 27.05.2025 17.06.2025 | 2 लाख | www.hafed.gov.in | 01722590520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35216/I/88/7 दि. 30.05.25

### शब्द पहेली - 5883




**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5882 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |






# फ्रेंच ओपन : जोकोविच ने रिकॉर्ड 20वीं बार तीसरे दौर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

**पेरिस।** नोवाक जोकोविच को तीसरे सेट में अपने बाएं पैर के अंगूठे में छाले के कारण मेडिकल टाइम आउट लेना पड़ा। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कोरेंटिन मोउटेट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 7-6 से जीत हासिल की। इस परिणाम ने जोकोविच को रिकॉर्ड 20वीं बार रोलां-गैरो में तीसरे दौर में पहुंचा दिया। फ्रेंच ओपन के सबसे सफल खिलाड़ी राफेल नडाल भी ऐसा करने में सफल नहीं हुए।

वह दो और जीत के साथ लगातार 16वें साल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएंगे। जोकोविच ने 2024 में चौथे दौर के दौरान अपने दाहिने घुटने के चोटिल होने के बाद हालांकि अंतिम आठ में खेलने से पहले ही नाम वापस ले लिया था। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच ने पेरिस में तीन खिताब जीते हैं।



## सिनर ने गासकेट को हराया

विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर ने जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे। सिनर ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गासकेट को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर उनका करियर समाप्त किया। गासकेट ने पहले ही फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा की थी। तीसरे नंबर पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14 नंबर के खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। जैक ड्रेपर ने दिन के आखिरी मैच में गेल मोनफिल्स को हराया। ब्रिटेन के पांचवें वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने दूधिया रोशनी में तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच में फ्रांस के दिग्गज मोनफिल्स को 6-3, 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी।




## 23 गलतियां कर जीती गॉफ

महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ ने महिला वर्ग के मैच में 23 असहज गलतियां करने के बावजूद चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा पर आसान जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 18 साल की खिलाड़ी के खिलाफ 75 मिनट तक चले मुकाबले को 6-2, 6-4 से जीता। गॉफ के सामने अगले दौर में चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी मारिया बौजकोवा की चुनौती होगी। महिला वर्ग में अन्य विजेताओं में तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला, ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज, 18 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा शामिल थी।, साल 2019 की उपविजेता वोंड्रोसोवा इस साल गैर-वरीयता प्राप्त हैं। उन्होंने 25वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मैग्डालेना फ्रेच को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया।

खास खबर

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन युगल खिताब से दो जीत दूर



**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मजबूत रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। इस जीत के बाद चिराग ने कहा, 'हां, यह एक बड़ी जीत है क्योंकि हम अभी दुनिया में 27वें नंबर पर हैं।

## भारतीय टीम की जर्सी में दिया गया ऑपरेशन सिंदूर को सम्मान

**नई दिल्ली।** भारतीय ई-स्पोर्ट्स महासंघ ने ब्रिक्स ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम की आधिकारिक जर्सी का शुक्रवार को अनावरण किया जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' से प्रेरित डिजाइन के जरिए आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई को समर्पित किया गया। इस जर्सी को 'टेककेन 8' के खिलाड़ी गुराशीष 'सोल' सिंह और शुभम खोरवाल पहनेंगे। इसका डिजाइन 'ऑपरेशन सिंदूर' में दिखे राष्ट्रीय गौरव, जज्बा और सैन्य लोकाचार से प्रभावित है। जर्सी के बीच में शक्ति के प्रतीक के तौर पर गहरे लाल रंग की पट्टी है। यह विवाहित भारतीय महिलाओं द्वारा लगाये जाने वाले सिंदूर से प्रेरित है। जर्सी की पृष्ठभूमि में भारतीय सशस्त्र बलों की वर्दी से प्रेरित पैटर्न है, जो सतर्कता, अनुशासन और सेवा को दर्शाता है। खिलाड़ियों ने मॉस्को के लिए रवाना होने से पहले नयी लॉन्च की गई जर्सी पहनी।



## प्रधानमंत्री मोदी से मिले क्रिकेटर सूर्यवंशी



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शुक्रवार को बिहार के प्रतिभाशाली क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने मुलाकात की जो हाल में आईपीएल में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर पटना हवाई अड्डे पर सूर्यवंशी के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। प्रधानमंत्री राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'पटना हवाई अड्डे पर युवा क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से भेंट हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।'

## गुकेश ने कारुआना को हराया अर्जुन एरिगैसी को मिली मात

**स्टावेंगर।** विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल की।अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन के कौशल के आगे हार का सामना करना पड़ा। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कारुआना भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चौथे दौर में मजबूत स्थिति में थे। वह हालांकि गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के सामने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले को भुनाने में नाकाम रहे। मुकाबले का परिणाम हासिल करने के लिए 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक का इस्तेमाल किया गया। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी दोनों अब छह खिलाड़ियों के बीच 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद कारुआना (सात अंक) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामुरा (5.5 अंक) हैं।

गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें 'आर्मागेडन' में तीन मिनट का बड़ा फायदा मिला था। इसमें सफेद मोहरों को 10 मिनट और काले मोहरों को सात मिनट मिलते हैं। क्लासिकल मुकाबले में मुश्किल स्थिति से बाहर आने के महज 15 मिनट के अंदर भारतीय खिलाड़ी ने कारुआना को मात देते हुए 1.5 अंक हासिल किए।


## रोहित ने 50 बॉल पर 81 रन बनाए, बोल्ट को 2 विकेट

# रोहित का बल्ला चला, गुजरात को हराकर मुंबई आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में

- इंडियंस ने टाइटंस को 20 रन से हराया, अब कल पंजाब से मुकाबला
- बेयरस्टो ने 47, सूर्यकुमार ने 33, तिलक ने 25 और पंड्या ने नाबाद 22 रन बनाए

भाषा ▶▶| मुल्लांपुर

बड़े मैचों का दबाव झेलने में माहिर मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो की आक्रामक पारियों के दम पर गुजरात टाइटंस को शुक्रवार को आईपीएल एलिमिनेटर में 20 रन से हराकर दूसरे क्वालीफायर में जगह बना ली। अब मुंबई का सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा जिसमे जीतने वाली टीम तीन जून को अहमदाबाद में फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से खेलेगी। मुंबई ने रोहित (50 गेंद में 81) और बेयरस्टो (22 गेंद में 47) की पारियों के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाये। जवाब में आईपीएल के इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले साइ सुदर्शन के 49 गेंद में 80 रन के बावजूद गुजरात की टीम छह विकेट पर 208 रन ही बना सकी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई।




गुजरात ने 16वें ओवर तक मैच अपनी जद से निकलने नहीं दिया लेकिन सुदर्शन के विकेट के बाद मुंबई ने शिकंजा कस लिया। जसप्रीत बुमराह ने अपने चिर परिचित यॉर्कर पर वॉशिंगटन सुंदर (24 गेंद में 48 रन) को बोल्ड किया। इसके बाद रिचर्ड ग्लीसन की गेंद पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में सुदर्शन चूके और उनका स्टम्प उखड़ गया। गुजरात को आखिरी दो ओवर में 36 रन चाहिये थे और दो खब्बू बल्लेबाज राहुल तेवतिया और शेरफान रदरफोर्ड क्रीज पर थे। आखिरी ओवर में 24 रन की जरूरत थी और मुंबई के लिये इस मैच के जरिये पदार्पण करने वाले ग्लीसन ने तीन ही रन दिये।इससे पहले गुजरात की फील्डिंग भी बहुत ही लचर रही और उसने तीन अहम कैच टपकाये जिनमें से दो रोहित के और एक सूर्यकुमार यादव (20 गेंद में 33 रन) के थे। रोहित को पावरप्ले में दो जीवनदान मिले जिसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। पहले गेराल्ड कोएत्जी ने डीप में उनका कैच छोड़ा और फिर गुजरात के लिये पदार्पण करने वाले कुसल मेंडिस ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर विकेट के पीछे कैच टपकाया। बेयरस्टो (22 गेंद में 47 रन) ने पावरप्ले में आक्रामक खेलते हुए मुंबई को शानदार शुरूआत दी। इंग्लैंड टीम से बाहर इस बल्लेबाज ने हाल ही में यॉर्कशर के लिये काउंटी क्रिकेट में लगातार दो अर्धशतक लगाये हैं। वह इस मैच से ही मुंबई टीम से जुड़े हैं। पावरप्ले में स्पिनर साइ किशोर के आने पर रोहित ने भी हाथ खोलने शुरू किये। मुंबई के पूर्व कप्तान ने दो चौके और एक छक्का लगाकर टीम को छठे ओवर में बिना किसी नुकसान के 79 रन तक पहुंचाया जो इस सत्र में पावरप्ले में मुंबई का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## शुक्रवार स्वर्ण से गुलजार : गुलवीर पूजा, नंदिनी बने एशियन चैंपियन




**गुमी (एजेंसी)।** गुलवीर सिंह ने शुक्रवार को यहां पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा के फाइनल में एक दशक पुराना मीट रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं ऊंची कूद में पूजा सिंह और हेप्टाथलॉन में नंदिनी अगसारा ने स्वर्ण पदक जीतकर 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन को भारत के लिए खास बना दिया। गुलवीर ने शुक्रवार को चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर लंबी दूरी की दौड़ के भारत के महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा लिया। इससे देश के कुल पदकों की संख्या 18 हो गई है। इसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने 2023 सत्र में 27 पदक जीते थे। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी धावक गुलवीर ने 13 मिनट 24.77 सेकंड का समय निकालकर थाईलैंड के कीरन टुनटिवेट को पीछे छोड़ा जो 13 मिनट 24.97 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे। गुलवीर ने प्रतियोगिता के शुरुआती दिन 10,000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारत को पूजा ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक के साथ बड़ी सफलता दिलाई। इस 18 साल की खिलाड़ी ने अपने अंतिम से पहले प्रयास में 1.89 मीटर की छलांग के साथ उज्बेकिस्तान की सफीना सादुल्लाएवा (1.86 मीटर) को पछाड़ा।


**IST LIMITED**

CIN: L33301HR1976PLC008316

Regd. Office: Dharuhera Industrial Complex, Delhi- Jaipur Highway No.8, Kapriwas, Dharuhera, Rewari (Haryana)-123106

Head Office: A-23, New Office Complex, 2nd Floor, Defence Colony, New Delhi-110024

Phone No.: 011-41044511-14; Fax: 011-24625694; Email:istgroup.ho@gmail.com; Website: www.istindia.com

**Extract of Financial Results for the Quarter and Year Ended 31st March, 2025**

(Amount in INR Lakhs, Except EPS)

| Sl No | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year ended | | Quarter Ended | | | Year ended | |
| | | 31.03.2025 Audited | 31.12.2024 Unaudited | 31.03.2024 Audited | 31.03.2025 Audited | 31.03.2024 Audited | 31.03.2025 Audited | 31.12.2024 Unaudited | 31.03.2024 Audited | 31.03.2025 Audited | 31.03.2024 Audited |
| 1 | Total Income | 704.25 | 1895.68 | 1443.86 | 6277.23 | 6142.00 | 3250.73 | 4165.32 | 4464.51 | 22251.80 | 20495.04 |
| 2 | Net Profit before exceptional items and tax | 77.43 | 1308.69 | 845.69 | 3703.74 | 3936.15 | 2144.00 | 3093.39 | 3383.67 | 17731.77 | 16897.28 |
| 3 | Net Profit after exceptional items before tax | 77.43 | 1308.69 | 845.69 | 3703.74 | 3936.15 | 2144.00 | 3093.39 | 3383.67 | 17731.77 | 16897.28 |
| 4 | Net Profit after tax | 59.31 | 1115.96 | 665.12 | 3346.11 | 3105.85 | 1671.56 | 2324.53 | 2448.77 | 13960.17 | 12560.18 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Net of Tax) | 55.34 | 1115.95 | 663.67 | 3342.11 | 3105.81 | 797.44 | 3191.37 | 3902.92 | 16081.27 | 20298.16 |
| 6 | Equity Share Capital (Face Value Rs. 5/- per share) | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 |
| 7 | Other Equity | | | | 27348.67 | 24006.56 | | | | 146737.74 | 130656.47 |
| 8 | Earnings Per Share (Face Value Rs. 5/- per share) | | | | | | | | | | |
| | - Basic (Rs.) | 0.51 | 9.57 | 5.70 | 28.69 | 26.63 | 14.37 | 19.98 | 21.11 | 119.96 | 108.04 |
| | - Diluted (Rs.) | 0.51 | 9.57 | 5.70 | 28.69 | 26.63 | 14.37 | 19.98 | 21.11 | 119.96 | 108.04 |

NOTES:
1. The above is an extract of the detailed format of the Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2025 filed with the Stock Exchange (BSE Ltd.) under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and company's website www.istindia.com.

Place : New Delhi
Dated: 29th May, 2025

By order of the Board
Sd/-
(S.C. Jain)
Executive Director]
DIN : 00092079



**ANKA INDIA LIMITED**

Regd off: 6 Legend Square Sector 33 Gurugram-122004; CIN: L74900HR1994PLC033268;
Phone no:9355511187; website: www.ankaindia.com

**EXTRACT OF AUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2025**

Amount Rs. In Lac

| S. N. | Particulars | STANDALONE | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Year Ended (Audited) | |
| | | 31-Mar-25 Audited | 31-Dec-24 Unaudited | 31-Mar-24 Audited | 31-Mar-25 Audited | 31-Mar-24 Audited |
| 1 | Total Income from Operations (net) | 22.58 | 14.07 | 14.25 | 63.91 | 57.34 |
| 2 | Net Profit for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | 14.41 | 0.55 | 9.64 | 33.41 | 42.00 |
| 3 | Net Profit for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary Items) | 14.41 | 0.55 | 9.64 | 33.41 | 42.00 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 4.24 | 0.55 | 9.64 | 23.23 | 42.00 |
| 5 | "Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]" | 4.24 | 0.55 | 9.64 | 23.23 | 42.00 |
| 6 | Paid up Equity Share (Face Value of Rs 10 Each) - Weighted Avg | 134.71 | 128.41 | 87.55 | 134.71 | 87.55 |
| 7 | Paid up Equity Share(Face Value of Rs 10 Each) - Dilutive Weighted Avg | 134.71 | 128.41 | 214.77 | 134.71 | 214.77 |
| 8 | Other Equity | NA | NA | NA | (78.90) | (429.70) |
| 9 | Earnings Per Share (before Extraordinary items) (Face Value of Re.10/- each) | | | | | |
| | Basic: | 0.03 | 0.00 | 0.11 | 0.17 | 0.48 |
| | Diluted: | 0.03 | 0.00 | 0.04 | 0.17 | 0.20 |

Notes:
1. The above results are an extract of the detailed format of Statement of Standalone audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2025 filed with BSE LTD. under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Statement of Standalone audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2024 are available on the Stock Exchange websites at (www.bseindia.com) as well as on the Company's Website at (www.ankaindia.com).
2. ***The Standalone Financial Results for the year ended March 31,2025 along with previous year presented have been audited by the statutory auditors of the Company and the auditors has qualified the same the basis of qualification is as folows:-***

***a. Inventories amounting to ₹22,50,000/- have been lying idle for more than twelve months. The Company has not carried out an assessment of the net realisable value of these inventories as required under the applicable accounting framework [Ind AS 2 – Valuation of Inventories]. In the absence of adequate supporting documentation and audit evidence, we are unable to determine whether any adjustment is required to the carrying value of such inventories as at the reporting date***

***b. Intangible assets under development amounting to ₹6,99,84,393/- have been carried in the books for more than two years without demonstrable progress in development or indications of technical or commercial feasibility. The Company has not carried out an impairment assessment in accordance with the applicable accounting standards [Ind AS 38 – Intangible Assets and Ind AS 36 – Impairment of Assets]. In the absence of such an assessment, we are unable to ascertain whether any impairment loss is required to be recognized.***

***c. The Company continues to recognise minimum alternative tax paid in previous years amounting to Rs. 35.38 Lakhs as asset and expects the same to be adjusted against future tax payments.***

Date : 30.05.2025
Place : Delhi

By order of the Board
For ANKA INDIA LIMITED
Sd/-
SULAKSHANA TRIKHA
DIRECTOR



intec CAPITAL LIMITED

SAPNE AAPKE, BHAROSA APNO KA

**Intec Capital Limited**

CIN: L74899DL1994PLC057410

Regd. Off. 708, Manjusha Bulding, 57 Nehru Place, New Delhi – 110019

T-+91-11-46522200/300; F-+91-1146522333 Website: www.inteccapital.com

**EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2024**

( Rs. in lacs except per equity share data)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Financial Year ended | | Quarter Ended | | | Financial Year ended | |
| | | March 31, 2025 (Audited) | December 31, 2024 (Unaudited) | March 31, 2024 (Audited) | March 31, 2025 (Audited) | March 31, 2024 (Audited) | March 31, 2025 (Audited) | December 31, 2024 (Unaudited) | March 31, 2024 (Audited) | March 31, 2025 (Audited) | March 31, 2024 (Audited) |
| 1 | Total income from operations | 380.13 | 41.48 | 102.60 | 436.53 | 379.68 | 381.96 | 43.93 | 104.98 | 445.59 | 389.36 |
| 2 | Net profit/(loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | 371.78 | (48.00) | (854.95) | 124.00 | (1,691.67) | 368.91 | (49.69) | (45.83) | 115.88 | (887.89) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 371.78 | (48.00) | (854.95) | 124.00 | (1,691.67) | 368.91 | (49.69) | (45.83) | 115.88 | (887.89) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 312.62 | (63.69) | (659.37) | 30.04 | (1,369.10) | 309.76 | (65.38) | 149.75 | 21.92 | (565.32) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 309.71 | (63.17) | (658.91) | 28.70 | (1,367.00) | 306.85 | (64.86) | 150.21 | 20.58 | (563.22) |
| 6 | Paid -up Equity share capital (Face Value Rs. 10/- each) | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 |
| 7 | Earnings as per share (Face Value of Rs.10/- each) {For continuing and discontinuing operations} | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| | 1. Basic (in Rs.): | 1.70 | (0.35) | (3.59) | 0.16 | (7.45) | 1.69 | (0.36) | 0.81 | 0.12 | (3.08) |
| | 2. Diluted (in Rs.): | 1.70 | (0.35) | (3.59) | 0.16 | (7.45) | 1.69 | (0.36) | 0.81 | 0.12 | (3.08) |

Notes-
(1) The above is an extract of the detailed format of un-audited financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial results are available on the stock Exchange websites viz. www.bseindia.com and on company's website viz. www.inteccapital.com.
(2) The above financials have been reviewed and recommended by the Audit Committee and subsequently approved and taken on records by the Board of Director at their meetings held on February 13, 2024.

Place : New Delhi
Date: 30.05.2025

For Intec Capital Limited
Sd/-
Sanjeev Goel
(Managing Director)
DIN - 00028702

# एडीबी ने नई प्रौद्योगिकी वाली परियोजनाएं शुरू करने में रुचि दिखाई, मनोहर ने मसातो कांडा से की चर्चा

## मास ट्रांजिट सिस्टम, समावेशी आवास, शहरी स्वच्छता और बुनियादी ढांचा, शहरी शासन और सुधारों पर हुई बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल और एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मसातो कांडा ने नई दिल्ली में शुक्रवार को श्रम शक्ति भवन में भारतीय शहरीकरण में एडीबी के निरंतर सहयोग और निवेश पर चर्चा की। बैठक में एडीबी द्वारा विभिन्न विकासशील क्षेत्रों को दिए गए पिछले सहयोग के महत्व पर बल दिया गया तथा "विकसित भारत 2047" के शानदार विजन को प्राप्त करने के लिए निवेश के संभावित क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया।



### सफल मॉडल पूरे देश में तैनात और बढ़ाए जा रहे

मनोहर लाल और कांडा ने अनेक मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें मास ट्रांजिट सिस्टम, समावेशी आवास, शहरी स्वच्छता और बुनियादी ढांचा, शहरी शासन और सुधारों के अलावा अन्य विषयों में भारत के विकास की चर्चा की गई। केन्द्रीय मंत्री ने मोबिलिटी सेक्टर द्वारा अनुभव किए गए विकास के उछाल पर प्रकाश डाला, क्योंकि मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम के सफल मॉडल पूरे देश में तैनात और बढ़ाए जा रहे हैं। मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन, अमृत और पीएमएवाई-शहरी जैसे प्रमुख मिशनों के तहत की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर जोर दिया और एडीबी के लिए भारत के शहरी विकास एजेंडे के साथ अपने निवेश को पंक्तिबद्ध करने के अवसर पर जोर दिया ताकि टिकाऊ, समावेशी और आपस में जुड़े हुए शहर बनाने के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जा सके।

### आरआरटीएस में वृद्धि के लिए भारत को बधाई

एडीबी के अध्यक्ष कांडा ने रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) में देखी गई निरंतर वृद्धि के लिए भारत को बधाई दी और प्रगति को प्रभावशाली बताया। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि किस तरह रेल नेटवर्क ने वायु प्रदूषण, परिवहन और सामाजिक चुनौतियों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया और इस परियोजना से जुड़ना उनके लिए बहुत गर्व की बात है।

### एडीबी के सहयोग की सराहना की

मनोहर लाल ने केंद्रीय बजट 2025-26 में उल्लिखित प्राथमिकताओं के अनुरूप ज्ञान ढांचे को विकसित करने में एडीबी के सहयोग की सराहना की। यह कोष शहरों को विकास केंद्र के रूप में देखता है, जो 100 भारतीय शहरों में पानी, स्वच्छता और अपशिष्ट सेवाओं को बदलने के लिए ब्लूप्रिंट के रूप में कार्य करता है।

### निजी खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करें

मंत्री मनोहर लालने कहा कि विकास के इस पैटर्न को जारी रखते हुए, राष्ट्रपति ने सलाह दी कि एकीकृत योजना और समग्र विकास का उपयोग करके इस तरह के प्रयासों को कैसे बढ़ाया जा सकता है, ताकि पथ-प्रदर्शक परिणामों के लिए जमीनी स्तर पर नवाचार को लागू करने के लिए सुसज्जित निजी खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। दोनों ने शहरी चुनौती कोष के महत्व पर चर्चा की, ताकि परियोजनाओं की बैंकिंग क्षमता में सुधार के लिए नगर निगमों से मजबूत समर्थन के साथ इसके डिजाइन को आगे बढ़ाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### नाइजीरिया में बाढ़ का कहर, 117 की मौत



**अबुजा।** नाइजीरिया के नाइजर राज्य के बाजार कस्बे मोक्वा में आई बाढ़ के कारण अब तक 117 लोगों की जान गई है। वहीं, बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। नाइजर राज्य की राजधानी मिन्ना में परिचालन कार्यालय के प्रमुख हुसैनी ईसा ने कहा कि कई लोग अभी भी खतरे में हैं, शुक्रवार को बचाव कार्य जारी है। कई घंटों की लगातार बारिश के कारण नाइजर में बाढ़ आ गई। इस बाढ़ ने बुरी तरीके से जनजीवन को प्रभावित किया है।

### भारतवंशी फैजान ने जीता स्पेलिंग का खिताब



**नई दिल्ली।** भारतवंशी छात्र फैजान जाकी ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में एक्लेरसिसमेंट शब्द का सही ढंग से उच्चारण कर प्रतियोगिता जीत ली है। टेक्सास के 13 वर्षीय जाकी ने गुरुवार रात को सर्वदन्य कादम को हराकर यह जीत हासिल की। वह सातवीं कक्षा के छात्र हैं। उन्होंने 2024 में एक अन्य भारतीय-अमेरिकी ब्रुहत सोमा के खिलाफ स्पेल-आफ में दूसरा स्थान हासिल किया था। इस प्रतियोगिता में जाकी की यह चौथी बार भागीदारी थी।

## जम्मू-कश्मीर दौरे पर पुंछ पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले

# आतंकी हमले का जवाब कठोरता और तत्परता से देना पीएम मोदी की नीति

एजेंसी ▶▶ पुंछ

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पुंछ दौरे के क्रम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की नीति है कि हर आतंकी हमले का जवाब कठोरता और तत्परता से दिया जाएगा। उन्होंने पुंछ नगर स्थित डाक बंगला में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। गृह मंत्री शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने घोर निंदनीय हमला किया। रिहायशी इलाकों और धार्मिक स्थलों पर हमला किया। उस हमले में हमारे जो नागरिक हताहत हुए हैं, उनके परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हम सभी जानते हैं कि मुआवजा या सरकारी नौकरी से जीवन में जो हानि हुई है, उसकी क्षतिपूर्ति नहीं हो सकती, लेकिन जम्मू-कश्मीर सरकार, भारत सरकार और समग्र जनता की जो भावना जुड़ी है, यह उसका प्रतीक है। जो बहादुरी पुंछ के नागरिकों और अधिकारियों ने दिखाई है, उससे पूरे देश का संबल बढ़ा है।

### पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की

*पुंछ पीड़ितों से मिले, मृतकों के परिवारों को दी सरकारी नौकरी*

*कहा- पुंछ के नागरिकों और अधिकारियों ने दिखाई बहादुरी*



#### पाक को उबरने में पांच साल लगेंगे

*केंद्रीय गृह मंत्री ने बीएसएफ जवानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान ने हमारी सीमाओं और नागरिक क्षेत्रों पर हमला करके हमारे आतंकवाद विरोधी अभियानों का जवाब दिया, तो यह बीएसएफ के 'जम्मू फ्रंटियर' के जवान थे जिन्होंने 118 से अधिक चौकियों को तबाह और क्षतिग्रस्त करके जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने दुश्मन की पूरी निगरानी प्रणाली को टुकड़े-टुकड़े करके नष्ट कर दिया, एक ऐसी प्रणाली जिसे दोबारा बनाने में उन्हें चार से पांच साल लगेंगे।*

#### जम्मू कश्मीर का विकास थमेगा नहीं

*शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास रुकेगा नहीं थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने नॉर्म्स के हिसाब से सहायता कर दी है और भारत सरकार भी व्यापारिक संस्थानों में हुई क्षति के लिए एक पैकेज लेकर आएगी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के प्रशासन और सुरक्षा बलों की सराहना की और कहा कि वे हर चीज का जवाब देने के लिए सक्षम हैं।*

### अमरनाथ यात्रा को लेकर की समीक्षा बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजभवन में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू, डीजीपी नलिन प्रभात और गृह मंत्रालय, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन और केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की खुफिया एजेंसियों के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक डेढ़ घंटे तक चली।



#### भयमुक्त हो अमरनाथ यात्रा

बैठक में अमरनाथ यात्रा भयमुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए तैयार किए गए प्लान पर विस्तृत चर्चा हुई। यात्रा मार्ग पर सुरक्षाबलों की तैनाती, सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान और मजबूत सुरक्षा ग्रिड बनाने को कहा गया। गृहमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों को अमरनाथ यात्रा को भयमुक्त और सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया।

## इंडोनेशिया के इस्लामी संगठन का भारत को समर्थन

# कहा- आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे इस्लाम के नाम पर की हिंसा गलत



एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष केएच उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है।

### अनुच्छेद 370 हटाया जाना सराहनीय

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग मानने की धारणा बनाई हुई थी। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से अनुच्छेद को निरस्त करने के साथ ही यह धारणा समाप्त हो गई है। केंद्र सरकार के फैसले से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं और समृद्धि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया। आज कश्मीर में एक निर्वाचित सरकार है। पहलगाम में जो कुछ भी हुआ या यहां जो भी आतंकी घटनाएं हो रही हैं, उससे हालात पहले जैसे करने की कोशिश की जा रही है। कश्मीर में जो समृद्धि आई है, उसे वापस गुम करने की कोशिश की जा रही है।

### डेनमार्क ने आतंकी हमले पर जताई संवेदना

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में डेनिश संसद के उपाध्यक्ष और विदेश नीति के अध्यक्ष लार्स क्रिश्चियन ब्रास्क से मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद की समस्या को समझा। अपने विचार व्यक्त किए और डेनमार्क सबसे पहले एकजुटता व्यक्त करने वाला देश था। उन्होंने भारत की स्थिति को समझा। हम तहे दिल से उनका शुक्रिया अदा करते हैं। बाक ने कहा कि हमें भारतीय संसद के एक बहुत मजबूत प्रतिनिधिमंडल से मिलकर सम्मानित महसूस हो रहा है और हमने अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

## पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# पासियां समेत 4 गैंगस्टरों का इंटरपोल से जारी कराया 'रेड कॉर्नर नोटिस'



एजेंसी ▶▶ बटाला

पंजाब की बटाला पुलिस ने आतंकी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुहिम छेड़ी है और इंटरपोल से पांच कुख्यात गैंगस्टरों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस हासिल किया है। बब्बर खालसा के आतंकी और गैंगस्टर हैप्पी पासियां समेत 4 गैंगस्टरों पर विदेश में बैठकर अपने स्थानीय साथियों को बटाला और आसपास के इलाकों में आतंक और अराजकता फैलाने का निर्देश देने का आरोप है।

### स्थानीय लोगों से धमकी दिलवा रहे

पुलिस ने हैप्पी पासियां के अलावा पवित्तर सिंह, हुशनदीप सिंह, शमशेर सिंह और हरि सिंह के खिलाफ ये कदम उठाया है। एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने कहा कि ये आरोपी अपने लोकल ऑपरेटिव को साथ जोड़ कर बम धमाकों, टारगेट किलिंग और फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस द्वारा एक ओर विशेष टीमों का गठन कर कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर फरार अपराधियों के खिलाफ इंटरपोल से रेड-कॉर्नर नोटिस भी जारी करवाए जा रहे हैं।

## रूस के विदेश मंत्री लावरोव बोले

# मॉस्को की रूस-भारत-चीन त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करने की इच्छा

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के विदेश मंत्री ने रूस, भारत, चीन संबंध को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस-भारत-चीन (आरआईसी) ढांचे को फिर से सक्रिय करने में रुचि दिखाई है। लावरोव ने कहा कि मैं रूस, भारत, चीन के प्रारूप में काम को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने में हमारी रुचि को जाहिर करना चाहूंगा, जिसकी स्थापना कई साल पहले रूस के पूर्व पीएम येवगेनी प्रिमाकोव की पहल पर हुई थी। उन्होंने कहा कि इस समूह ने तब से लेकर अब तक न केवल विदेश नीति प्रमुखों के स्तर पर, बल्कि तीनों देशों की अन्य आर्थिक, व्यापार और वित्तीय एजेंसियों के प्रमुखों के स्तर पर मंत्रिस्तरीय बैठकें आयोजित की हैं।

### भारत-चीन के मध्य सीमा विवाद पर बनी सहमति



लावरोव ने कहा कि जैसा कि मैं समझता हूं, अब भारत और चीन के बीच सीमा पर स्थिति को सामान्य बनाने के तरीके पर सहमति बन गई है, और मुझे लगता है कि इस आरआईसी त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करने का समय आ गया है। रूस के विदेश मंत्री यूराल पर्वतों से घिरे पर्म शहर में यूरेशिया में सुरक्षा और सहयोग की एकल और न्यायसंगत प्रणाली बनाने पर एक अंतरराष्ट्रीय सामाजिक और राजनीतिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह शहर यूरोप और एशिया की सीमा पर है।

### नाटो देश भारत को चीन के खिलाफ उकसा रहे

लावरोव ने आरोप लगाया कि अमेरिका नीत उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) खुलेआम भारत को चीन विरोधी षड्यंत्रों में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। लावरोव ने कहा कि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारे भारतीय मित्र और मैं जाहिर तौर पर इस प्रवृति को देखते हैं और यह बात उनके साथ गोपनीय बातचीत के आधार पर कह रहा हूं। इसे वास्तव में एक बड़ी उकसावे वाली कार्रवाई माना जा सकता है।

## यूएन में भारतीय प्रतिनिधि पी हरीश ने महासचिव गुतारेस से सम्मान प्राप्त किया

# दो भारतीय शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पिछले वर्ष संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले दो भारतीय शांति रक्षकों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस पर मरणोपरांत सम्मानित किया गया। यूएन डिस्एंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) में सेवा देने वाले ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन (एमओएनयूएससीओ) में कार्य कर चुके हवलदार संजय सिंह को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को आयोजित एक समारोह में 'डैग हैमरशॉल्ड पदक' से मरणोपरांत सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतननेनी हरीश ने दोनों शांति रक्षकों के परिवार की ओर से महासचिव एंतोनियो गुतारेस से यह सम्मान प्राप्त किया। भारत ने ब्रिगेडियर झा, हवलदार संजय सिंह और सेवानिवृत्त कर्नल वैभव अनिल काले को याद किया जिन्हें देश ने पिछले वर्ष खो दिया था। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कार्मिकों का चौथा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

### आज विश्व को प्रभावी शांति स्थापना की जरूरत: गुतारेस



*संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने 1948 से अब तक जान गंवाने वाले 4,400 से अधिक शांति रक्षकों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की और 57 सैनिकों को मरणोपरांत पदक दिए। उन्होंने कहा कि आज विश्व प्रभावी शांति स्थापना की मांग करता है। हम अपने बहादुर शांति रक्षकों की सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों के अंतरराष्ट्रीय दिवस का विषय 'शांति स्थापना का भविष्य' है जो इस बात पर जोर देता है कि संयुक्त राष्ट्र पिछले वर्ष सितम्बर में विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए 'भविष्य के लिए समझौते' में बदलती दुनिया के अनुरूप शांति स्थापना को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।*

### शांति मिशनों में भारत सबसे आगे: लाक्रॉइक्स



भारत शांति सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत अहम भूमिका निभाता है। यह न केवल अपने जवानों के जरिए शांति मिशनों में योगदान देता है, बल्कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसे कई प्रयासों का भी नेतृत्व करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सुरक्षा विभाग के प्रमुख जीन-पियरे लाक्रॉइक्स ने यह बात अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि कि भारत शांति सैनिकों और पुलिस बल के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109